The effloresence of Dhrupad in the royal courts of medieval India testifies to the importance of aristocratic patronage in the encouragement of a "new" poetical and musical genre, made more accessible by the fact that these lyric poems were composed in the "spoken language" of the day. The third chapter is devoted to the study of royal patronage of art-music and Dhrupad in particular.

Authors writing on Dhrupad in Persian frequently remarked the importance of the poetical text in *bhāṣā* or the "spoken language", hence distinct from Sanskrit. Their observations bring to light the fact that patrons from a Persian cultural background, who lent support to the

poet-composers of Dhrupad could comprehend vernacular languages. The study of the personality and the work of Nāyak Bakhśū illustrates this fact well. This remarkable musician was associated with the court of the ruler Mān Singh Tomar at the beginning of the sixteenth century, but his lyrics were transmitted through the oral tradition, and were greatly valued by the emperor Shāh Jahān (r. 1628-1658) who had them collected in a written form. The thousand *dhrupads* attributed to this poet-musician form a rich anthology, the edition of which poses a problem close to that which we encounter while dealing with the dispersed lyrics attributed to Tānsen, but at the same time is rather more simple. The testimonies of authors in Persian concerning this musician, who lived earlier than Tānsen, are unanimous and the fact that his songs—from which some *dhrupads* are translated here—were appreciated by Shāh Jahān, almost a century later, needed to be highlighted in comparative perspective.

The first part closes with an examination of the contemporary point of view on the poet-composers of Dhrupad. This poetical and musical genre developed in parallel to the Viṣṇupad, which was inspired by the religious context of Krishnaite Bhakti. Dhrupad was however not a genre of music that was exclusively religious, as is generally believed, even if the inspiration for a number of *dhrupad* songs is very close to the devotional poems of the great saint-poets in the Braj language. The confusion between Dhrupad and Viṣṇupad, which are allied poetico-musical genres, but whose poetical inspiration, cultural context, and roles—the one as entertainment and the other as religious song—differ, therefore merits a close examination in order to comprehend better the approach that specialists, historians of music and musicians themselves have today.

The second part of the thesis is devoted to Tānsen, an historical figure as well as a hagiographic personage, and to the musicological and lyric work that is attributed to him. In the beginning of the twentieth century, the renowned musicologist Paṇḍit V. N. Bhātkhaṇḍe emphasised the need to reconstitute the biography of Tānsen, and this was supported by other musicologists. However, no subsequent and more exhaustive critical work has appeared to date.

The legendary persona of Tānsen conceals his poetical genius. I have attempted to study it through written sources which testify to the literary qualities of his work, and using the written recensions of songs attributed to him, preserved in the manuscript repertoires of court-musicians or in Vaishnavite lyric-anthologies. The written sources, oral tradition, and iconography permit one to follow the evolution of the

persona of Tānsen, the gilded legend of which still remains alive, just as his lyrics are still sung today.

The manuscript sources in Sanskrit and Persian, as well as in the vernacular languages, document the life and the personality of the poet-musician, which are also illustrated by a series of paintings that show him alone or in a group. The detailed examination of these materials forms the first chapter of the second part.

A number of biographical accounts on Tānsen published recently are in fact extremely close to the hagiographic literature of the 17th and 18th centuries. Research on and use of "new" sources—or rather sources that are little-known on account of their inaccessibility—were found to be necessary in order to base the present work on rather more original materials.

Three works on musical theory, attributed to Tānsen, are now thought to be apocryphal by historians of literature and some Indian specialists on musicology. As for the *dhrupads* "signed" with the name of Tānsen, they figure in a number of collections, belonging to a variety of literary genres, which are described in the second chapter.

On the basis of the corpus of *dhrupad* songs collected in the written recensions and the oral tradition, I present the original text and the French translation of a selection of lyric poems attributed to Tānsen, which I consider to be representative of the work of the poet-composer.

I have thus attempted to present the Dhrupad—the poetic and musical genre which was most appreciated in the Hindu princely courts and the Mughal court from the 16th century—within an historical and socio-cultural perspective. Its poetical aspect (hitherto poorly studied), and the contribution to Braj literature of the compositions it inspired, have also been discussed.

Prospects for future research

My work on Dhrupad and Tānsen suggests a certain number of avenues for future research, some of which I am already engaged in, and which are briefly summarised here.

The written sources which document both Dhrupad and the figure of Tānsen, poet and musician, emphasise the importance of the "Central Region" of India, or Madhyadeś, of which the cultural and artistic capital was Gwalior. This fact permits one to expand the geographical and cultural sphere of the Braj language.

To the *dhrupad* songs collected under the name of Tānsen, one can add the thousands of songs attributed to other poet-composers which

are to be found in the lyric anthologies and the repertoires of court-musicians that I have described. The lyric collections in the Braj language but written in Gujarati or Bengali script also constitute a vast corpus of Braj lyric poetry, which has so far been rarely used. Further, my work on Tānsen suggests the possibility of similar research on other celebrated poet-musicians such as the court-musicians Nāyak Bakhśū and Jagannāth Kavirāy, as well as the poet-composers who were themselves patrons as well, Bāz Bahādur and Ibrāhim ʿĀdil Shāh for instance. This set of lyric poems constitutes not merely a representative example of the poetical aspect of medieval lyrics and the thematic variety of vocal art-music, but also testifies to the tastes of the patrons who supported this musical genre. Once edited, the *dhrupad* songs collected in manuscript recensions since the sixteenth century, will constitute a body of Braj and allied literature worth studying more deeply from a linguistic, and stylistic point of view or for their contribution to Braj poetry, as well as documentation on medieval music.

The hagiographic literature inspired by the Krishnaite renaissance in the Braj country in the sixteenth century equally constitutes an important written source on music. Nourished by popular tradition, which in turn it went on to inspire, this literature represents a tradition in the Braj language that is very much alive even today.

My quest for documents on medieval music has served to bring out the value of contributions by writers in Persian, who were interested in music in India, in both the Indian and Persian traditions. Their testimonies on Dhrupad and its most celebrated poet-composers appear to us to be representative of those writings in Persian which document the purely technical, aesthetic and socio-cultural aspects of the history of Indian music. They constitute the basis for a catalogue of Persian sources on other forms of vocal and instrumental Indian music which I am presently engaged in compiling.

The technical character of the information furnished by texts on music theory, as well as by the testimonies of authors in Persian and other vernacular languages who were curious about music, also suggests it would be interesting to establish a multilingual glossary (in Sanskrit, Persian, vernacular languages) of technical terms in music, including the aesthetic concepts that underpinned the different musical systems that existed in medieval India. The socio-cultural categories to which professional musicians specialising in art-music belonged equally merit systematic study.

I have presented some documentation that testifies to the close links between court-musicians (like Tānsen) and Sufi saints (like Salīm Ciśtī of Fatehpur Sikri). The fact that some court-musicians could be linked to Krishnaite temples or to certain Sufi orders has been clearly suggested in certain Persian writings. Still other texts mention the use of *dhrupad* songs in the Braj language by Sufi orders. The singing of vernacular lyric compositions in the *samā*ᶜ by professional musicians who were probably close to the Mughal court, and the mutual influence between Sufi musical expression and the music of the court thus constitute a field of literary and socio-musicological study that is particularly rich.

The importance of Indo-Persian culture in the context within which Indian art-music, wherein Dhrupad represents the most traditional genre, developed enlarges the field of poetical and lyric research on Braj literature, and invites a deeper interdisciplinary study, which I intend to follow up in the different directions that have been set out above.

[This article was published in DA 92, but pp. 4-6 of the original were somehow left out due to inadvertence at some stage in composing/printing. Hence we are reproducing the entire article. The Hindi summary has appeared in DA 92 Ed.].

'राग विज्ञान' में सङ्कलित ध्रुपदों का विश्लेषण

दीप्ति सिंह

भूमिका—पं०वि०ना० पटवर्धन-कृत राग-विज्ञान में सङ्कलित ध्रुपद-धमारों का राग-ताल, भाषा वर्ण्य-विषय एवं छाप की दृष्टि से यहाँ विश्लेषण प्रस्तुत है। इस संग्रह में उपलब्ध ध्रुपद-धमारों की संख्या म'आरिफ़ुन्नग़मात एवं क्रमिक-पुस्तक मालिका की तुलना में बहुत ही कम है, फिर भी जितने से पद उपलब्ध हैं उनका विश्लेषण प्रस्तुत है। क्रमिक-पुस्तक मालिका एवं राग-विज्ञान, इन दोनों सङ्कलनों में प्राप्त ध्रुपद के पदों का पाठ-भेद की दृष्टि से तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है।

भाषा की दृष्टि से इस सङ्कलन में भी अन्य सङ्कलनों की भाँति ब्रजभाषा का स्थान प्रथम रहा है। तत्पश्चात् अवधो, तत्सम प्रधान, सधुक्कड़ी, बुंदेलखंडी तथा खड़ी-बोलो का स्थान आता है। इसके अलावा कोई अन्य भाषा ध्रुपदों में दृष्टिगोचर नहीं होती। ध्रुपद-धमार के कुल ३८ पदों में से १९ पद ब्रजभाषा के, ९ पद अवधी के, ५ तत्समप्रधान पद, ३ पद सधुक्कड़ी के एवं १-१ पद खड़ी बोली एवं बुंदेलखंडी भाषा के मिलते हैं। इनमें से भी धमार के सात पदों में से पाँच ब्रजभाषा में, एक सधुक्कड़ी तथा एक मिश्र खड़ो बोली में है। ध्रुपद के कुल ३१ पदों में से चौदह पद ब्रजभाषा में, नौ अवधी में, पाँच तत्सम-प्रधान भाषा में, दो सधुक्कड़ी में तथा एक पद बुंदेलखंडी भाषा में है।

इस संग्रह में ताल-वैविध्य भी नहीं के बराबर है। धमार तथा चौताल के अतिरिक्त प्रयुक्त होने वाले मात्र चार ताल हैं, यथा—झपताल, तीव्रा, सवारी एवं रुद्रताल। झपताल में निबद्ध दो पदों में से एक में, अड़ाना में देवी स्तुति है तथा दूसरे में राग जैज बिलावल में रचित एक 'निर्गुण' है जिसमें पद के बीच 'बैजुरंगे' ऐसा आता है। यह समझना ज़रा मुश्किल है कि पद में वास्तव में बैजू की छाप है, क्योंकि इससे पूर्व किसी भी निर्गुण पद में बैजू की छाप देखने में नहीं आई है। तीव्रा में रचित एकमात्र पद राग मल्हार में शरणागति का है। ताल सवारी के दो पद हिंडोल तथा भैरवी में हैं जिनमें क्रमशः होरी एवं कृष्ण-लीला का वर्णन है। रुद्रताल का एकमात्र पद राग देश में है जिसका वर्ण्य-विषय है—हनुमान-स्तुति। सवारी एवं रुद्रताल का स्वरूप इस प्रकार है—

ताल-सवारी

१ २ ३	४ ५ ६ ७	८ ९ १० ११	१२ १३ १४ १५
×	२	३	४

राग	ध्रुपद-धमार के कुल पद	चौताल के पद	अन्य तालों में पद	भाषा (ब्रज)	भाषा (अन्य)	धमार	भाषा (ब्रज)	भाषा (अन्य)
भाग-एक								
छायानट	१	१	—	—	१ (तत्सम-प्रधान)	—	—	—
दरबारी-कान्हड़ा	२	२	—	२	—	—	—	—
अडाणा	२	—	१ (झपताल)	—	१ (अवधी)	१	१	—
बहार	१	१	—	१	—	—	—	—
पूरिया-धनाश्री	१	१	—	—	१ (तत्सम-प्रधान)	—	—	—
हिंडोल	२	—	१ (सवारी)	१	—	१	१	—
बसंत	१	१	—	१	—	—	—	—
आसावरी	१	—	—	—	—	१	१	—
भीमपलासी	१	१	—	१	—	—	—	—
खमाज	१	१	—	—	१ (अवधी)	—	—	—
देस	१	—	१ (रुद्रताल)	—	१ (अवधी)	—	—	—
भाग-दो								
मारवा	१	१	—	१	—	—	—	—
केदार	१	१	—	—	१ (अवधी)	—	—	—
श्री	१	१	—	—	१ (अवधी)	—	—	—
तिलक-कामोद	१	१	—	१	—	—	—	—
पूर्वी	१	१	—	१	—	—	—	—
जौनपुरी	१	१	—	—	१ (अवधी)	—	—	—
सोहनी	१	१	—	—	१ (बुंदेलखंडी)	—	—	—

तोड़ी	१	१	—	—	१ (तत्सम-प्रधान)	—	—	—
भाग-तीन								
मल्हार	२	१	१ (तीव्रा)	१	१ (अवधी)	—	—	—
सिंदूरी	१	—	—	—	—	१	—	१ (खड़ी बोली मिश्र)
ललित	१	—	—	—	—	१	—	१ (सधुक्कड़ी)
देशकार	१	१	—	—	१ (तत्सम-प्रधान)	—	—	—
भैरवी	१	—	१ (सवारी)	१	—	—	—	—
अल्हैया-बिलावल	२	१	—	—	१ (सधुक्कड़ी)	१	१	—
सारंग	१	—	—	—	—	१	१	—
शंकरा	१	१	—	१	—	—	—	—
भाग-चार								
—	—	—	—	—	—	—	—	—
भाग-पाँच								
धनाश्री	२	२	—	१	१ (अवधी)	—	—	—
भाग छः								
जैज-बिलावल	१	—	१ (झपताल)	—	१ (सधुक्कड़ी)	—	—	—
पटमंजरी	१	१	—	१	—	—	—	—
हुसेनी कान्हड़ा	१	१	—	—	१ (अवधी)	—	—	—
भाग-सात								
गुणकी	१	—	१ (रूपक ?)	—	१ (तत्सम)	—	—	—

रुद्रताल

१ २	३ ४ ५ ६ ७ ८ ९	१० ११
×	२	३

छाप और तुकों का अध्ययन राग-ताल-भाषा सम्बन्धी तालिका के पश्चात् किया जायेगा। निम्नलिखित तालिका से कई बातें स्पष्ट हो जाती हैं। किसी भी राग में अधिक से अधिक ध्रुपदों की संख्या दो ही है। प्रथम भाग में कुल पन्द्रह राग आये हैं, जिनमें चौदह ध्रुपद अङ्ग की बन्दिशें उपलब्ध हैं। द्वितीय-भाग के अठारह रागों में ध्रुपद अङ्ग की आठ बन्दिशें मिलती हैं। तृतीय भाग के अठारह रागों में ध्रुपद अङ्ग की दस बन्दिशें हैं। चौथे भाग के पच्चीस रागों में एक भी रचना ध्रुपद अङ्ग की नहीं मिलती। पञ्चम भाग के उनतीस रागों में दो ध्रुपद मिलते हैं, छठे भाग के पैंतीस रागों में तीन ध्रुपद मिले हैं और सातवें तथा अन्तिम भाग के छयालीस पदों में मात्र एक रचना ऐसी मिलती है जिसे क्र० पु० मा० तथा वाचिक परम्परा में ताल तीव्रा में ध्रुपद अङ्ग से गाते हैं परन्तु रा० वि० में उल्लिखित रूपक ताल इस बन्दिश को ख्याल शैली का सङ्केत देता है। (देखें तालिका)

इस सङ्कलन में प्राप्त अड़तीस पदों में से मात्र तीन पद चार तुक वाले हैं, छः पद तीन तुक वाले एवं शेष उनतीस पद दो तुक वाले हैं। चार तुक वाले पदों में पहला राग अड़ाना, झपताल, में है जिसमे कि स्वतन्त्र पद-योजना तथा स्वरलिपि दोनों में ही आभोग सञ्चारी के पूर्व आता है। दूसरा पद राग जैज-बिलावल मे है। यह पद भी झपताल में निबद्ध है परन्तु इसमे स्थायी, अन्तरा, सञ्चारी एवं आभोग अपने निर्धारित क्रम से ही आये हैं। चार तुकों वाली तीसरी और अन्तिम बन्दिश राग-पटमञ्जरी, चौताल में है जिसमें पुनः आभोग का क्रम उलट गया है यानी वह सञ्चारी के पूर्व आया है। यहाँ भी यह क्रम पद रचना तथा स्वर-संयोजन दोनों स्थानों में देखने को मिलता है। यानी तीन में से दो बन्दिशों मे आभोग, सञ्चारी के पूर्व आया है। ऐसी योजना का कोई विधान न तो वाचिक-परम्परा में ही देखने को मिलता है, न ही लिखित परम्परा मे। यह सम्भव है कि जिस स्रोत से लेखक को ये बन्दिशें प्राप्त हुई हों वहीं से इनका क्रम विकृत रहा हो। यह रोचक तथ्य है कि ऊपर वर्णित तीनों ही बन्दिशें लेखक को बाबू उमाशङ्कर प्रसादजी (मुज़फ़्फ़रपुर, बिहार) के संग्रह से प्राप्त हुई थी। तीन तुक वाले छः पदों में से पाँच मे तो सञ्चारी अनुपस्थित है और छठे पद मे पद-योजना में क्रमशः स्थायी, अन्तरा एवं सञ्चारी है एवं आभोग विलुप्त है, परन्तु स्वरलिपि में सिर्फ स्थायी और आधा अन्तरा है। यह बन्दिश राग हुसेनी कान्हड़ा, ताल चौताल में निबद्ध है। पुनः यह बात ध्यान देने की है कि इस बन्दिश की प्राप्ति भी लेखक को बाबू उमाशङ्कर प्रसादजी के सौजन्य से ही हुई है। एक तुक की विलुप्ति का कारण विस्मृति को माना जा सकता है। तीन तुकों वाली बन्दिशों

में पूरिया-धनाश्री की बन्दिश 'वंशीधर पिनाकधर' भी है। इस पद को आज भी कण्ठ परम्परा में चार तुकों के साथ गाया जाता है। तुकों के अध्ययन की दृष्टि से निम्नलिखित चार्ट उपयोगी होगा—

राग विज्ञान भाग	रागों की संख्या	ध्रुपदों की संख्या	दो तुक वाले पद	तीन तुक वाले पद	चार तुक वाले पद
प्रथम	१५	१४	१२	१	१
द्वितीय	१८	८	७	१	—
तृतीय	१८	१०	९	१	—
चतुर्थ	२५	—	—	—	—
पञ्चम	२९	२	—	२	—
षष्ठ	३५	३	—	१	२
सप्तम	४६	१	१	—	—

वर्ण्य-विषय की दृष्टि से सबसे अधिक भक्ति-परक पद मिलते हैं। उसके बाद नायिका-वर्णन-संबंधी पद आते हैं। तीसरा स्थान संख्या की दृष्टि से होरी-गीतों का है। इसके बाद राग लक्षण एवं संगीत-शास्त्र-संबंधी पदों का क्रम आता है। प्रकृति-वर्णन एवं निर्गुण पदों की संख्या बराबर है। अतः इस सङ्कलन में भी भक्तिपरक पदों का बाहुल्य है। अधिकांश पद स्तुतिपरक हैं जो कि कृष्ण, गणेश, शिव, राम, हनुमान, हरिहर आदि देव तथा देवी स्तुति से सम्बद्ध हैं। वर्ण्य-विषय की तालिका नीचे दी जा रही है।

राग	ताल	वर्ण्यविषय
छायानट	चारताल	कृष्ण-स्तुति
दरबारी कान्हड़ा	चारताल	नायिका-वर्णन
,,	,,	राग-लक्षण वर्णन
अड़ाना	धमार	होली-गीत
,,	झपताल	देवी-स्तुति
बहार	चारताल	कृष्ण स्तुति
पूरिया-धनाश्री	चारताल	हरिहर-स्तुति
हिंडोल	धमार	होली गीत
,,	सवारी	,, ,,

बसन्त	चारताल	कृष्ण-स्तुति
आसावरी	धमार	अभिसारिका
भीमपलासी	चारताल	कृष्ण-स्तुति
खमाज	चारताल	राम-स्तुति
देश	रुद्रताल	हनुमान-स्तुति
मारवा	चारताल	कृष्ण स्तुति
केदार	चारताल	देव-स्तुति
श्री	चारताल	संगीत शास्त्र संबंधी
तिलककामोद	चारताल	प्रकृति-वर्णन
पूर्वी	चारताल	कृष्ण-स्तुति
जौनपुरी	चारताल	गणेश-स्तुति
सोहनी	चारताल	विप्रलम्भ शृङ्गार
तोड़ी	चारताल	शिव-स्तुति
मल्हार	चारताल	वर्षा-गीत
,,	तीव्रा	शरणागति
सिंदूरी	धमार	भक्ति-परक
ललित	धमार	निर्गुण
देशकार	चारताल	शिव-स्तुति
भैरवी	सवारी	कृष्णलीला वर्णन
अल्हैया बिलावल	धमार	होरी गीत
,,	चौताल	रूप-वर्णन
सारङ्ग	धमार	होरी गीत
शङ्करा	चौताल	नायिका रूप वर्णन
धनाश्री	चौताल	सङ्गीत शास्त्र सम्बन्धी
,,	,,	अभिसारिका
जैज बिलावल	झपताल	निर्गुण
पटमञ्जरी	चौताल	विरहोत्कण्ठिता नायिका
हुसेनी-कान्हड़ा	चौताल	,, ,,
गुणक्री	रूपक (?)	शिव-स्तुति

इस सङ्कलन में नगण्य मात्रा में छाप उपलब्ध हुई है। भक्त-कवियों में चिन्तामणि के तीन पद, जानकीदास, बैजू तथा तुलसीदास का भी एक-एक पद देखने में आता है। इसके अतिरिक्त तानसेन की छाप वाले चार पद हैं। एक-एक पद आनन्द, बैजू रंगे तथा भूषण नाम से भी मिलते हैं, पर इनकी स्पष्ट छाप नहीं बनती। 'आनन्द' घनानन्द ही हैं या कोई और यह पता नहीं चलता क्योंकि यदि घनानन्द का पद होता तो 'आनन्दघन' या 'घनआनन्दे', इस प्रकार होता। स्वतंत्र रूप से आनन्द नामक किसी भक्त कवि की जानकारी हमें नहीं है।

भक्तकवि चिन्तामणि का पहला पद राग जौनपुरी चौताल में मिलता है। इसमें गणेशस्तुति है। कवि की छाप आभोग में आई है। दूसरा पद राग देशकार चौताल में है। इस पद में शिवस्तुति है तथा पुनः सञ्चारी नहीं है। इसमें भी छाप आभोग में ही मिलती है। उदाहरण—

गणेश स्तुति

स्थायी—चंद्रमा भाल विराजत बंधन लसत। अंग शुभशुभग राजत एकदंत ॥

अन्तरा—विघ्नहरन अष्टसिद्धि नवनिधि दायक गणनायक देवही डाको कंत ॥

संचारी— लंबोदर गिरिजासुत, अभय करण शुंडदंड मुख को बाहन कुमति हंत ॥

अभोग-चिन्तामणि एक खंजन चिदानंद छेद (चेत) रूप वेद गुन गावत,
पावत न पार जाको आदि अंत ॥

तीसरा पद राग-धनाश्री, चौताल में है। इसमें सङ्गीतशास्त्र-सम्बन्धी विवरण है। इस पद में भी आभोग में कवि की छाप मिलती है।

जानकीदास की छाप से एक निर्गुण का पद मिलता है। यह पद राग-ललित, ताल-धमार में है यथा—

स्थायी—कहे सब होरी होरी मची है धूम चहूं ओर।
चार दिना हंस खेलले प्यारे आवत होरी भोर ॥

अन्तरा—एकदिन धूर उड़ेगी आखर बचे नहीं कर कोर।
जानकीदास शरण सत् गुरु की उबरे गगन की खोर ॥

इस पद में अन्तिम अनुप्रास का मेल बहुत सुन्दर बन पड़ा है।

तुलसीदास की छाप का एक पद राग मल्हार, तीव्रा-ताल में है। पद शरणागत का है तथा इसके स्वर रचनाकार पं० विष्णु दिगम्बर जी हैं।

स्थायी—मैं हरि, पतित-पावन सुने, हो हम पतित तुम पतित-पावन दोऊ बानिक बने ॥

अन्तरा—व्याध गनिका गज अजामिल, सखि निगमनि मने।
ओर अधम अनेक तारे जात कापै गने ॥
जानि नाम अजानि लीन्हें नरक जमपुर मने।
दास **तुलसी** सरन आयो, राखिये अपने ॥
इस पद में भी अन्त्यानुप्रास का सुन्दर योग है।

बैजू की छाप का एक पद राग पूरिया-धनाश्री, ताल चौताल में मिलता है जिसकी चर्चा पाठ-भेद के साथ की जायेगी।

तानसेन के पदों में प्रथम पद राग केदार, चौताल में है तथा वर्ण्यविषय है नादस्तुति। दूसरा पद राग श्री, चौताल में है जिसमें सङ्गीत-शास्त्र-विषयक वर्णन

है। इस पद का पाठभेद की दृष्टि से तुलनात्मक विवरण आगे दिया जायेगा। तीसरा पद राग-पूर्वी, चौताल में है तथा इसमें कृष्णस्तुति है। चौथा एवं अन्तिम पद शिवस्तुति है जो राग-तोड़ी, चौताल में निबद्ध है। यथा—

स्थायी—महादेव आदिदेव महेश्वर ईश्वर हर।
शंभु शतकण्ठ कपरदी ईश विरूप
डिमरूकर त्रिपुरारि त्रिलोचन गंगाधर ॥

अन्तरा—नीलकण्ठ भस्मभूषण वृषभवाहन पार्वतीवर।
जटाजूट बहुरूप शिव शशि ललाटधर
तानसेन को दीजे सुख सम्पतवर ॥

जिन पदों का पाठभेद उपलब्ध हो सका है, उनकी चर्चा नीचे की जा रही है।

राग-विज्ञान, द्वितीय भाग में राग-मारवा, चौताल में निबद्ध बन्दिश के बोल हैं—'साँझ भई आवो रे तुम आवो हरि गुण नीके गाय सुनाओ'। यही बन्दिश क्रमिक-पुस्तक मालिका भाग-३ में कुछ पाठभेद के साथ राग-श्री, त्रिताल में दी गई है। स्थायी में लेशमात्र भी अन्तर नहीं है। अन्तरा पाठभेद के साथ नीचे दिया जा रहा है।

राग-विज्ञान के अनुसार पाठ

अन्तरा—नैन प्राण में तुमही बसत हो।
श्यामसुन्दर दरस बेग दिखाको ॥

क्रमिक-पुस्तक मालिका के अनुसार पाठ

अन्तरा—नैन प्राण में तुमहि बसत हो।
श्यामसुन्दर दरस दिखाओ ॥

रा० वि० में 'बेग' अतिरिक्त लगा है तथा दिखाओ की जगह दिखाको हो गया है।

रा० वि० प्रथम भाग में 'वंशीधर पिनाकधर' राग पूरिया-धनाश्री ताल-चौताल की बन्दिश है। इसका एक तुक भी गायब है। यही बन्दिश चारों तुकों के साथ क्र० पु० मा०, भाग-३ में श्रीराग, ताल-चौताल में बँधी है। दोनों रूप क्रमशः दिये जा रहे हैं।

रा० वि० के अनुसार पाठ

स्थायी—वंशीधर पिनाकधर गिरिधर धरगंगाधर
चन्द्रमा ललाटधर हो हो हरिहर ॥

अन्तरा—सुधाधर विषधर धरणीधर शेषधर चक्रधर त्रिशूलधर नरहरि शिवशंकर ॥

अभोग— नंदीधर गरुड़धर कैलासधर बैकुंठधर
कहे "बैजु बावरे" सुनहु गुणोजन
निशदिन हरिहर ध्यान उर धर ॥

क्र० पु० मा० का पाठ

स्थायी—**बंसीधर** पिनाकधर **गिरिवरधर** गंगाधर चन्द्रमा ललाटधर **राजतहरीहर**

अन्तरा—सुधाधर विषधर धरणीधर शेषधर चक्रधर शूलधर नरहरि शिवशंकर

सञ्चारी--**रमाधर उमाधर मुकुटधर जटाधर भस्मधर कुंकुमधर पितांबर व्याघ्रंबर**

आभोग—**गरुड़धरनंदीधर** कैलासधर बैकुण्ठधर कहे **बैजू सुनो** गुनिजन **निसदिन** हरिहर उरधर

रा० वि० तृतीय खण्ड में राग देशकार, चौताल की बन्दिश है 'शंभो महादेव शंकर' एवं इस पद का एक खण्ड (सञ्चारी) लुप्त है। यही पद चारों तुकों के साथ क्र० पु० मा०, चतुर्थ खण्ड में राग-देशकार, चौताल में ही किञ्चित पाठभेद के साथ दिया गया है—यथा—

रा० वि० का पाठ

स्थायी—शंभो महादेव शंकर त्रलोचन वामदेव भक्तभजक त्रिपुरांतक
मदन दहन ब्रिखभाध्वज गरल धरे ॥

अन्तरा—विश्वनाथ विश्वंभर शिव बद्रीपत पशुपत पिनाकपत सुरपत
जगदीश भगवान् भूत संग डमरू धरे ॥

अभोग--आदिदेव नादभुखन जोगी सह परमेश विश्वरूप चिदानंद
आदिनाथ विश्वकर दयाधीश नीलकंठ निजानंद निरंजन।
दक्षयज्ञ नासन परब्रह्म भवानीश चिंतामणी शरणांगत भवभयहर ॥

क्र० पु० मा० का पाठ

स्थायी—शंभोमहादेव शंकर त्रैलोचन **भक्ति-भाजन** वामदेव त्रिपुरांतक
मदन-दहन वृषभध्वज गरलधर।

अन्तरा—विश्वनाथ विश्वंभर शिवापते बद्रिपते पशुपते पिनाकपते
सुरपते जगज्जिवन भगवान भूत संग डमरू चारा।

सञ्चारी -आदिदेव **नात्रभुषन जोगीस भवानीस** विश्वरूप चिदानंद

आभोग—दयाधीश नीलकंठ निजानंद निरंजन दक्ष-यज्ञ **नाशना**
परब्रह्म **परमेश्वर** चिंतामणि **शरणागत** भवभय हरा ॥

रा० वि० सप्तम भाग में राग-गुणक्री, रूपक ताल में निबद्ध बन्दिश 'बाजे डमरू हर कर' क्र० पु० मा० भाग-पाँच में राग गुणक्री में ही तीव्रा ताल में निबद्ध है। वैसे तो दोनों रूपों में शब्द एक से हैं और ताल की बराबर मात्रायें भी हैं, परन्तु सिर्फ़ वजन का फ़र्क यानी तीव्रा की जगह रूपक शैली की भिन्नता को द्योतित करता है। हमारी गुरु-परम्परा से मिली बन्दिश ध्रुपद अङ्ग से ही गाई जाती है और क्र० पु० मा० में भी इसे तीव्रा में रखकर ध्रुपद अङ्ग का बताया गया है, परन्तु रा० वि० के लेखक का इसे रूपक ताल में रखना यह भी बताता है कि स्वयं लेखक और उनकी परम्परा के कुछ लोग इसे निश्चय ही ख्याल अङ्ग से गाते रहे होंगे। ऐसा पहले भी देखा जा चुका है कि एक ही बन्दिश एक ही राग में अलग-अलग परम्परा में अलग-अलग शैली में उपलब्ध है। उदाहरण के तौर पर देवगिरि बिलावल की प्रसिद्ध बन्दिश 'दिन गिन दे रे बामना' आज प्रचार में तीनताल में गाई जाती है जबकि यही बन्दिश इसी राग में म'आरिफ़ुन्नग़मात में चौताल में निबद्ध है, जो कि इसके ध्रुपद अङ्ग के होने का सङ्केत देता है।

गुणक्री की बन्दिश में पाठ भेद बहुत कम है, जो है उसे रेखाङ्कित किया जा रहा है।

रा० वि० का पाठ

स्थायी—बाजे डमरू हर कर। त्रिशूल धर शिव। भस्म भूषण।
व्यालमाला गले विराजे।

अन्तरा—पंचवदन पिनाक विषधर। वृषभवाहन भूतनाथ
रुंडमुडही गले विराजे। अनादि पुरुष अनंत अघ हरकर।

क्र० पु० मा० में उपलब्धपाठ

स्थायी—बाजे डमरू हर कर त्रिशूलधर **करभस्म अंग,**
व्याल माला गले विराजे॥

अन्तरा—पंच बदन पिनाक**धर शिव** वृषभ वाहन भूत-नाथ
रुंड-**मंडल** सबन सोहे अनादि **पूरक**अनंत अघहर

हमने यह बन्दिश तीव्रा तालमें क्र० पु० मा० में उपलब्ध पाठ के अनुरूप ही सीखी है।

रा० वि०, द्वितीय-भाग में राग श्री चौताल में निबद्ध पद किञ्चित पाठभेद के साथ राग लच्छासाख बिलावल में सादरा में गाया जाता है। लक्षण सभी वही हैं, थोड़ा शब्दों का हेर-फेर है।

रा० वि० का पाठ

स्थायी—प्रथम नाद सुर साधे आराधे सोई गुणीयन में गावे।
सप्त सूर तीन ग्राम एकईस मूर्च्छना तिनकेव्योर तब कछु पावे॥

अन्तरा—आरोही-अवरोही उलट-पलट के होत, द्रुत मध विलम्बत आवे
तानसेन प्रभु महा वाक्बादिनो प्रसाद ते गान-कंठ करावे ॥

अन्यपाठ (वाचिक परम्परा से प्राप्त)—

स्थायी—प्रथम **ताल** सुर साधे, सोई गुनी जो सुध मुद्र बानी सुध गावे।

अन्तरा—दुरत मध विलम्बित **करले दिखावे। बाईस स्रुति** इक्कीस मूर्छना **ताको भेद पावे ॥**

सप्तसुर तीन ग्राम, तिनके व्यौरे पावे।
द्रुत **मध्य**बिलम्बित, **तिनके भेद दिखावे ॥**

निष्कर्ष यह है कि राग-विज्ञान में मूलत: ख्याल अङ्ग के पद सङ्कलित हैं। ध्रुपद के पदों की संख्या बहुत ही कम है। जो थोड़े से पद उपलब्ध हैं, उनमें पाठभेद अधिक है। तरह-तरह की भिन्नतायें मिली हैं। यथा, राग की, ताल की, शैली की एवं शब्दों के हेर-फेर की। जितने पद उपलब्ध हुये हैं, उनका राग-ताल, भाषा, वर्ण्यविषय, तुक तथा पाठ-भेद की दृष्टि से अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

AN ANALYSIS OF THE DHRUPADS COMPILED IN RĀGA-VIJÑĀNA

DEEPTI SINGHA

(Editor's Summary)

The number of *dhrupad-dhamars* compiled in the seven volumes of *Rāga-Vijñāna* is very small. Whatever compositions are available in this compilation have been analysed in this article from the point of view of *rāga*, *tāla*, language, poetic content and signature. The readings of the song-texts have been compared with those of *Kramik Pustak Mālikā*.

As regards language, the predominance of *Braj bhāṣā* is found here also, as in other compilations. The places of Avadhi, Sanskrit-based Hindi, Bundelkhandi, Khari Boli come next to Braj *bhāṣā*.

The variety of *tāla* is marginal. Apart from *chautāl* and *dhamār*, there are only four other *tālas* viz. *jhaptāl*, *tivrā*, *savārī* and *rudratāla*.

The maximum number of *dhrupads* in any given *rāga* is two. Many of the *rāgas* do not have any *dhrupad* or *dhamār* composition.

Most of the compositions compiled here have only two or three sections, very few have all the four. Sometimes the name *ābhog* is put before the *sañcārī*. This seems to be the result of inadvertence.

As regards thought-content, the predominance of *bhakti* is evident. Most of the texts are dedicated to Śiva, Kṛṣṇa, Rāma, Hanumāna etc. *Nāyikā-bheda* is the second in importance. Other important subjects are-musicological discourse through technical terms, *horī*, description of nature and '*nirguṇa*'.

Signature of the composer is missing in those texts where the fourth section is absent and wherever it is available, sometimes some problems are apparent eg. the signature of Baijuraṅge on a *nirguṇa* song in *rāga Jaij Bilāwal* does not lead to identifying the composer as Baiju whose association with *nirguṇa* is not at all known. Similarly the signature of Ānand is ambiguous as it cannot be identified with the well-known Ghanānand or Ānandghana and the identity of Ānand is not well-known.

बंगाल में ध्रुपद का आरम्भ और प्रसार

(स्व०)—सत्यकिङ्कर बन्द्योपाध्याय

[ध्रुपदवार्षिकी १९९२ में पृ० ७३-८० पर इतु बनर्जी के दो बंगला लेखों का सम्पादित हिन्दी रूपान्तर इसी शीर्षक से प्रकाशित हुआ था। उस में पृ० ७७ पर सत्यकिङ्कर बन्द्योपाध्याय के ग्रन्थ "विष्णुपुर घराने का प्रकृत इतिहास" का उल्लेख है, और उस में से कुछ उद्धरण भी दिये गये हैं। यहाँ हम उसी ग्रन्थ में से सीधे प्रासङ्गिक सामग्री का संकलन प्रस्तुत कर रहे हैं। मूल ग्रन्थ बंगला में है। यहाँ सम्बन्धित अंशों का सम्पादित हिन्दी अनुवाद दिया जा रहा है।—सम्पा०]

विष्णुपुर घराने को प्रतिष्ठा दिलाने के लिये मेरे सङ्गीतगुरु मँझले काका गोपेश्वर बन्द्योपाध्याय ने इस बात का प्रचार किया था कि तानसेन के वंशधर बहादुरसेन को बंगमहाराज द्वितीय रघुनाथ ने अपने दरबार में बुलाकर बिष्णुपुर घराने को स्थापित किया था। मैं यह बात सुनकर अचकचा गया था। मन में सोचने लगा कि जिस देश में गदाधर, रामशङ्कर, यदुभट्ट, निताई नाजिर, वृन्दावन नाजिर एवं हमारे वंश के पूर्व पुरुषों जैसे विख्यात गायक गुणी उत्पन्न हुए हैं। उसके लिये क्या उपर्युक्त परिचय ही सब से बड़ा परिचय है? वे लोग भी तो गुरु-परम्परा के ही शिष्य थे। नायक गोपाल, बैजू, तानसेन आदि के घराने का परिचय हमारे पास कौन से प्रमाणों को लेकर आया है; विष्णुपुर घराने के आरम्भ को लेकर तथ्यों के आविष्कार के लिये विशेष यत्न करने का मैंने सङ्कल्प किया।

उक्त उद्देश्य से मैंने अपने पितामह से बातचीत की और उन से भी अधिक वृद्ध व्यक्तियों के पास से भी तथ्यसंग्रह का प्रयत्न किया। कलकत्ते के अहीरी टोला के निवासी संगीतविशारद नीलमाधव चक्रवर्ती से भी बातचीत की। यह चक्रवर्ती महोदय विष्णुपुर के विख्यात सङ्गीताचार्य गदाधर चक्रवर्ती के नाती (दौहित्र) थे एवं महाराज सर ज्योतीन्द्रमोहन ठाकुर के सङ्गीतगुरु थे।

मैं जब सन् १९२४ में महाराजा प्रद्योतकुमार ठाकुर बहादुर के पास गायक और वादक के रूप में नियुक्त हुआ तब उक्त चक्रवर्ती महोदय की आयु ८४ के असपास थी। उन से जो कुछ सुनने को मिला वह पूर्वकथित व्यक्तियों से संगृहीत तथ्यों से हूबहू मिलता था। इन चक्रवर्ती महाशय के आश्रय में रह कर आलाउद्दीनखाँ साहब ने गाना, सितार और इसराज बहुत दिन तक सीखा था।······

गोपेश्वर बन्द्योपाध्याय द्वारा प्रचारित कपोलकल्पित 'इतिहास' काफ़ी प्रचार पा चुका था, इसलिये मेरे लिखे इतिहास के द्वारा उसका खण्डन न किया जाय ऐसी सलाह बहुत लोगों ने दी। स्वयं गोपेश्वरजी ने अपने शेषकाल में मेरी गवेषणा

से प्रस्तुत इतिहास की बात मुझ से सुनकर ऐसी सम्मति प्रकट की थी कि वे अपने लिखे इतिहास में तदनुसार संशोधन करना चाहेंगे। उन्हें यदि रघुनाथसिंह द्वितीय की कथा मालूम होती तो ऐसी कल्पना ही उन्हें नहीं आ सकती थी। द्वितीय रघुनाथसिंह केवल आठ वर्ष तक राजा रहे और उसी बीच उन्हें लालबाई द्वारा घटित काण्ड में निहत होना पड़ा था। इन आठ वर्षों में आरम्भ से ही उन्हें युद्ध और विद्रोहादि-दमन में सदा संलग्न रहना पड़ा था। इस प्रकार अनेक विश्रृंखलाओं के बीच उनका जीवन बीता था। इसलिये ध्रुपद संगीत को अपने राज्य में प्रतिष्ठित करने की वासना उनके मन में जागने की संभावना ही नहीं थी। गोपेश्वरजी के लेखन में जो बात मन को अतिशय पीड़ादायक थी, वह यह कि वे कल्पना द्वारा बहादुरसेन को विष्णुपुर लाने की उग्र कामना से, हमारे अपने घराने अर्थात् वंश के धारावाहिक परिचय तक को छोड़कर, बहादुरसेन की शिष्यपरम्परा में अपने पिता अनन्तलाल को ही सम्मुख स्थापित करने को बाध्य हुए थे।

[अब प्रकृत इतिहास की बात करें।]

पहले अनेक साधुमहात्मा ध्रुपद की सृष्टि के बाद, वही गान-पद्धति सीखकर उसके आध्यात्मिक प्रभाव से आकृष्ट होकर नादब्रह्म की साधना में निमग्न रहते थे। जैसे कि हरिदास स्वामी, ब्रह्मानन्द स्वामी, स्वामी सत्यानन्द, युगराज, सूरदास इत्यादि। इन में से कोई-कोई परिव्राजक साधु भी होते थे। उनमें से स्वामी सत्यानन्द ही हमारे घराने के ध्रुपदगान के प्रतिष्ठापक थे। ईश्वरप्रेरित होकर मानो वे हमारे प्रदेश में आये थे। आज (१९७६) से प्राय: ६०० (छह सौ) वर्ष पहले की बात है कि एक परिव्राजक संगीतज्ञ साधु श्रीक्षेत्रधाम में जाने के रास्ते में मल्लभूम के सिवाने (सीमाप्रान्त) पर एक ग्राम में आ पहुँचे। वहाँ उन्हें पता चला कि कुछ ही दूर प्रद्युम्नपुर नाम से एक राजधानी है और वहाँ राजा के पास संगीतज्ञ भी रहते हैं। वहाँ किस प्रकार का संगीत चलता है और संगीत पर कैसा विचार-विमर्श होता है, यह जानने के लिये उन्होंने उस ओर प्रस्थान किया। वहाँ राजदरबार में गायक पद पर प्रतिष्ठित हमारे पूर्वपुरुष से उनका प्रथम परिचय हुआ। हमारे वंशधर उन परिव्राजक साधु का विशेष परिचय पाकर अत्यन्त श्रद्धा सहित उन्हें अपने घर ले गये और उचित आतिथ्य की व्यवस्था की। फिर उनके मुख से ध्रुपदगान सुनकर राग-रूप की अपूर्व रचनाशैली और भाषा तथा भाव से मुग्ध होकर उन के प्रति अतिशय आकृष्ट हो उठे। नूतन पद्धति के इस गान को राज दरबार में सुनने की भी व्यवस्था की गयी। राजा एवं सभी श्रोता साधु के गायन से अत्यन्त आनन्दित हुए। सभी के अनुरोध से साधु कुछ दिन वहाँ रह गये और हमारे पूर्वपुरुष के सविनय आग्रह पर उन साधु अर्थात् स्वामी सत्यानन्द ने कुछ प्रमुख रागों के ध्रुपद उन्हें सिखा दिये। इन पदों के रचयिता नायक गोपाल और बैजूबावरा थे। उस समय के राग-संगीत के अनुसार वेद के स्तोत्र एवं संस्कृत में रचित पद गाये जाते थे, उन्हें इन साधु ने हमारे पूर्वपुरुष से सीख लिया। उसके

बाद से ही ध्रुपद की अल्प-अल्प साधना एवं प्रचार प्रद्युम्नपुर में हमारे वंश के गायकों द्वारा चलता रहा।

इस प्रसङ्ग में उल्लेखनीय है कि श्रीक्षेत्रधाम में जाते समय और एक साधु संगीतज्ञ के द्वारा अन्य एक स्थान में ध्रुपद आदि गान का आरम्भ हुआ था। वह स्थान है वर्तमान पुरुलिया जिला के अन्तर्गत घोंगा नाम का एक ग्राम। यहाँ एक सात्त्विक भाववाले संस्कृतज्ञ संगीतप्रिय ब्राह्मण रहते थे। वे रागसंगीत के द्वारा भगवदाराधना करते थे। आज (१९७६) से प्रायः साढ़े चार सौ साल पहले की बात है कि वहाँ एक दिन उसी प्रकार एक परिव्राजक साधु अपने उद्देश्यस्थान की ओर जाने के पथ में आ उपस्थित हुए, और उस ग्राम में उन ब्राह्मण के साथ उनका साक्षात्कार हुआ परिचयक्रम से ब्राह्मण को पता चला कि साधु शास्त्रीय संगीतज्ञ हैं और ध्रुपद गान करते हैं। अनुरोध करने पर वृक्ष के नीचे बैठ कर दोतारा बजाते हुए साधु ने एक ध्रुपद सुनाया। उस गान के सुर और भाव के आकर्षण से ग्रामवासी भी मुग्ध हो उठे। ब्राह्मण का मन तो विह्वल हो गया। साधु को अपने घर ले जाकर पाद्य-अर्घ्य दिया और उनसे ध्रुपद सीखने की ऐकान्तिक इच्छा प्रकट की। उन्हें पता चला कि वे ब्राह्मण भी रागसंगीत से साधन-भजन करते हैं। साधु काफ़ी दिन उनके पास रह कर अनेक ध्रुपद और भजन सिखाकर अपने गन्तव्य स्थान को चले गये। फिर लौटते समय भी वहाँ आ कर और कुछ दिन रह कर ध्रुपद की शिक्षा देते गये।

तब से उस वंश में ध्रुपद आदि गान की साधना धारावाहिक रूप से चली आ रही है। बाद में इन्हीं के वंश के दो एक जन विष्णुपुर में जाकर शास्त्रीय संगीत के नाना श्रेणीगत गान, वाद्य यन्त्र तथा कथकनृत्य सीख आये। उन्हीं के वंश सन्तानों में से प्रत्येक को वंशपरम्परागत शिक्षा मिलती रही। गीत वाद्य और नृत्य इन तीनों की साधना एक साथ रहने से यह संगीतज्ञ वंश घोंगा के कथक वंश के नाम से परिचित हुआ। मैं जब १३-१४ वर्ष की आयु में पितामह के साथ पुरुलिया गया था तब इस कथक वंश के एक गायक से ध्रुपद की विशेष तालीम पाये हुए एक सज्जन से मेरा घनिष्ठ परिचय हुआ था। वे हमारे निवासस्थान पर प्रायः ही आते थे और हमारा गाना सुनते थे। ध्रुपद-गान में अतीत-अनाघात (अनागत) क्रिया का नियम वे नहीं जानते थे। मुझ से उन्होंने चौताल और धमार ताल के गायन पर यह क्रिया सीख ली थी वहाँ हम लोग अठारह दिन रुके थे। इन सज्जन का नाम था आशुतोष राय। आशु बाबू पखावज भी अच्छा बजा लेते थे। आशु बाबू के मुख से ही सुना कि उनके गुरु के पिता ८६ वर्ष के वृद्ध गायक उनके घर आने वाले थे। हम लोग उस दिन उनके घर जा पहुँचे और देखा कि बैठक खाने में फर्श पर वे वृद्ध बैठे हुए हैं। आशु बाबू में उनसे हमारा परिचय कराया। बातचीत के प्रसंग में मेरे पितामह ने उन वृद्ध गुणी को अपने वंश का परिचय देने का अनुरोध किया। उन्होंने जो कुछ परिचय दिया वही मैंने इस से पूर्व लिखा है। हमारी इच्छा

पूरी करने के लिये उन्होंने गौड सारङ्ग में चौताल का एक ध्रुपद सुनाया। गला अवश्य ही तब बैठ गया था, फिर भी समझ में आ रहा था कि राग पर उनका स्पष्ट अधिकार है और मीड गमक आदि गुणीजनोचित हैं। यह पद मुझे भी याद था।

वृद्ध गुणी ने विष्णुपुर के गुणियों का नाम लेकर गहरी श्रद्धा व्यक्त की। मेरे पितामह ने उनसे कहा—"आप ही के वंश के किसी ने पुरूलिया में मेरे छोटे पुत्र अम्बिकाचरण का गान सुना और उन्हें अपने गाँव में ले गये थे।" यह सुनकर वृद्ध बोले—"आहा ! अम्बिकाबाबू का गान क्या सुन्दर था। जैसा रसाल वैसा ही उपयुक्त स्वरविन्यास और तान। खूब पण्डित भी थे। शास्त्रादि की व्याख्या से हमारे देश के पण्डितों को मुग्ध कर लिया था।" पितामह ने पूछा "आपके वंश में शास्त्रीय सङ्गीत की प्रतिष्ठा जिन्होंने की थी—उनका नाम आपको मालूम है ?" वे बोले "उनका नाम था स्वामी ब्रह्मानन्द।"……

इनके वंश के गायक ही बराबर गिधौड़, पञ्चकोट, झरिया, कातराश इत्यादि के राजाओं के गायक के रूप में नियुक्त होते आये हैं। मैंने पञ्चकोट, झरिया और कातराश, इन तीन राजगृहों में कथक वंश के गायकों के घनिष्ठ सम्पर्क में आकर इनका गान सुना था। तब मेरी आयु १४ से १९ वर्ष के बीच थी। इनके गान में जो बात थी उसमें धक्का भरी मींड, गमक एवं ताल का मार-पेंच ही अधिक था। स्वाद-रस का सम्पर्क नहीं के बराबर था। सुनने में आया कि इन लोगों ने एक खाँ साहब की दुर्दान्त गायकी का अनुकरण किया था। मैंने अपनी कम आयु में देखा है कि उस समय के राजा, जमींदार आदि में अनेकों की ऐसी धारणा थी कि उस प्रकार गाना ही ध्रुपद का वास्तविक मूर्त रूप है। ऐसा लगता है कि इसीलिये कथक वंश में एवं अन्य किसी-किसी ध्रुपद गायकों में वही पद्धति अनुसरणीय हो गयी थी। इनकी गायकी में मींड की लहरों में से सुर की 'आँय-आँय' ध्वनि के भीतर से पद के शब्दों के अक्षर समझना असाध्य था। ये लोग कहते थे "यदि शब्द ही समझ में आ गया तो हिन्दी के ध्रुपद ख्याल की कुलीनता क्या रही ? तब तो पिलपिला गाना हो जायेगा।" ये सब बातें तब मैं आश्चर्य से भर कर सुनता था। आज उनकी बातें याद आने पर हँसी आती है। तानसेन ने अपने एक ध्रुपद में कहा है "सुधमुद्रा सुध बानी, साँचे सुरन आलाप करौं"। इसका अर्थ हुआ कि मुद्रादोष-शून्य होकर स्पष्ट वाणी से उच्चारण एवं विशुद्ध स्वर से विस्तार के माध्यम से गाना उचित है।

इस कथक वंश के परिचय में भी विष्णुपुर घराने की संगीत साधना की दूरव्यापकता का परिचय मिलता है।

ईसवी चतुर्दश शताब्दी में मल्ल राजाओं के अनुक्रम में कई पीढ़ियों में से विशेष गणनीय थे मल्लराज जगत् मल्ल। वे विष्णुपुर की पर्वतश्रेणियों से भरी विस्तृत वनभूमि के ऊपर दुर्ग बनाने और नगर बसाने के लिये वहाँ उत्तर प्रान्त की सीमा में विष्णुपुर नाम से जो छोटा ग्राम था, वहाँ सामयिक भाव से रहने के

उपयुक्त भवन आदि का निर्माण करके आवश्यक व्यक्तियों और गृहपरिजनों को लाकर रहने लगे। उसी के साथ हमारे पूर्व पुरुषों का भी वहाँ निवास हुआ। हमारा मोहल्ला पहले गायकपाड़ा और बाद में उस्तादपाड़ा के नाम से परिचित रहा।

प्रद्युम्नपुर में मल्लराज आदिरघुनाथ के पूर्व के राजाओं के समय से हमारे वंश की बहुत सी पीढ़ियों के पुरुष इन राजाओं के पास गायक और पण्डित पद पर नियुक्त रहे थे। यह पद मल्लराजाओं के पतन के पूर्व तक अव्याहत थे। उसके बाद विष्णुपुर जब अल्पसमय में ही नगर की भाँति हो उठा और राजधानी बन गया, तब से नाना देशों के मनुष्य पुरी यात्रा के पथ में यहाँ आते रहे। दर्शन-कामना के आकर्षण से जो संगीतज्ञ एवं संगीतसाधक साधुसन्त विष्णुपुर में विश्राम के लिये आते थे, उनके पास हमारे वंश के पूर्व पुरुष जाकर उन्हें आग्रह से घर लाकर दो चार दिन रखते और उनसे ध्रुपद आदि गान सीख लेते थे। वे लोग भी आनन्द-पूर्वक वितरण कर जाते थे। इस प्रकार गान का विचार और संग्रह वृद्धि पाता गया। उसके बाद महाराज वीर हम्बीर के समय से इस संग्रह के सुयोग में वृद्धि होने लगी। उसी समय से उत्तर पश्चिम भारत से राजा-महाराजाओं का श्रीक्षेत्र-धाम में यातायात विशेष रूप से होने लगा। उनके साथ रानियाँ, पुरमहिलायें, सिपाही, लावलश्कर, हाथी-घोड़े, शिविकायें एवं गायक-वादक, बाईजी और नर्तकियाँ—सब रहते थे। ये लोग विष्णुपुर को राजधानी जानकर उसके दक्षिण प्रान्त सीमा में तुरष्क नामक एक विराट् मैदान को विश्राम के उपयुक्त स्थान समझ कर छावनी डालते थे। मल्लराजा इन सब राजाओं की उपस्थिति का संवाद पाकर उनकी संवर्धना और आप्यायन करने जाते और खाद्य आदि की उपयुक्त व्यवस्था करते थे। उन राजाओं के साथ आये हुए संगीतज्ञ, बाईजी और नर्तकियों के गीत-वाद्य-नृत्य आदि के श्रवण और दर्शन की इच्छा प्रकट करते ही वे राजा सानन्द व्यवस्था कर देते थे। स्थानीय संगीतसाधक भी श्रवण आदि का अवसर पाते थे। शिक्षालाभ की इच्छा व्यक्त करने पर मल्ल महाराजागण अतिथि-राजा-महाराजाओं से निवेदन करते और उन लोगों की ओर से संगीतज्ञों को शिक्षा देने के आदेश दे दिये जाते। किन्हीं गायक-वादक-नर्तकियों आदि को मल्ल राजा के अनुरोध से यात्री राजागण विष्णुपुर छोड़ जाते और लौटते समय साथ ले जाते थे।

प्रायः तीन चार सौ वर्ष तक ऐसा सुयोग चलते रहने से विष्णुपुर में अनेक गायक-वादकों की सृष्टि हो गई एवं शास्त्रीय संगीत की सभी धाराओं की, नानाविध वाद्यादि की साधना, उनकी गतों की संख्या एवं मृदङ्गवाद्य के बोल आदि में विष्णुपुर घराने का भण्डार परिपुष्ट हो उठा। इस प्रकार भारत की अनेक संगीत परम्पराओं के बड़े-बड़े गुणी गायक-वादकों के पास से जो रागरूप संगृहीत हुए उन में नियम-नीतिधारा के विशुद्ध समन्वय का परिचय मिलता है। यह संग्रह एक श्रेष्ठ प्रमाणमूलक दस्तावेज की भाँति है। इसके अतिरिक्त रागरूप की नीतिधारा के

आधार पर पुराने गुणियों द्वारा जो सब ध्रुपद रचे गये थे उन में से अधिकांश ही इस घराने में आ गये थे। मैंने बाल्यकाल से ही भारत के विभिन्न घरानों के गायक वादकों के सान्निध्य में आ कर देखा कि कई रागों में उनके पास दो-एक ही गान या गत का संग्रह है, और विष्णुपुर घराने में भिन्न-भिन्न गायकी और वादन पद्धति के अनुसार प्रायः सभी रागों में गान और गत की संख्या सात-आठ या कहीं-कहीं दस-ग्यारह तक है। इसका अर्थ यही हुआ कि सभी चीजें एकही घराने की नहीं हैं। इसके अतिरिक्त एक-एक घराने में कानड़ा अङ्ग के अन्तर्गत अठारह कानड़ा प्रकारों में, बारह मल्हारों में, तेरह प्रकार की तोड़ी में, नौ नट, सप्त सारङ्ग इत्यादि रागों में दो-एक चीजों का ही परिचय मिला है। अब तो अनेक ख्याल और ध्रुपद गायक एवं यन्त्रवादक अनेक रागों के वास्तविक अर्थात् ध्रुपदी रूप का परिचय प्राप्त न होने से भिन्न-भिन्न रूप प्रकाशित करते हैं।

भारत के किसी घराने में भी आज तक इतने विषयों की साधना और उन पर कृतित्व-अर्जन का प्रमाण नहीं मिलता। समस्त श्रेणीगत गान पर, विविध वाद्ययन्त्रों पर, सङ्गीत के क्रियाङ्ग और तत्वाङ्ग पर, विविध ग्रन्थरचना पर, बहुसंख्यक हिन्दी और बंगला गान रचना पर उच्च स्तर का अधिकार भी अन्यत्र दुर्लभ है।

विष्णुपुर घराने की सम्पदा कुबेर के भण्डार के समान है। किन्तु हमारा संगीतज्ञ समाज, गुणग्राही-गण, पृष्ठपोषक, विद्यालयों के संचालक गण एवं सरकार कोई भी इतने बड़े इतिहास से मंडित बंगाल के घराने की सम्पदा के संरक्षण के लिये एवं शिक्षा तथा विचार के लिये स्थान रखने का कोई दायित्व या कर्तव्य नहीं समझती।

इस घराने के भण्डार की प्रायशः संख्या निम्नलिखित है जिसे देखकर सङ्गीतगुणग्राही विस्मित होंगे :—

१. प्रायः समस्त रागों के ध्रुपद अङ्ग के चारपदी चौताल-ताल के गान प्रायः तीन सौ।

२. तदनुरूप रागों के धमार दो सौ।

३. पञ्चम सवारी, आड़ा चौताल, सूलफाक, ब्रह्मताल, झपताल, रूपक, तेवरा प्रभृति तालों के गान कुल मिलाकर सौ से अधिक।

४. धारू, प्रबन्ध, जुगलबन्ध, कवलकलव्याना (?), हप्तरंग, स्वररंग, तालफेरता, अष्टादश कानड़ा, द्वादश मल्लार, त्रयोदश तोड़ी, नौ नट, सप्तसारङ्ग के ध्रुपदाङ्ग के गान।

५. बहुत सारे रागों में विलम्बित और द्रुत ख्याल तीन सौ से अधिक, अधिकांश रागों में छः-सात गान।

६. तराना, त्रिवट, चतुरङ्ग, रागमाला, रागों के निबद्ध सरगम इत्यादि कुल मिलाकर सौ से अधिक ।

७. टप्पा, ठुमरी, होरी-ठुमरी, भजन, झूलन, कजरी इत्यादि प्रकारों में से प्रत्येक में अनेक गान ।

८. अलीरज़ा, मजीत खाँ, गुलाम मोहम्मद खाँ (सुरबहार स्रष्टा) बाजपेयी इत्यादि भारत-विख्यात सितार वादकों की गतें दो सौ से अधिक, एक-एक राग में अनेक ।

९. कुछ एक मूल्यवान् शास्त्रीय ग्रन्थ ।

१०. वीणा, सुरबहार, सितार, इसराज, सरोद, कानून, जलतरङ्ग, न्यासतरङ्ग, नौकातरङ्ग, सुरमण्डल इत्यादि एवं पखावज तथा तबला—इन सब वाद्यों की साधना होती आयी है। पखावज और तबला के बोल, परन आदि बहुसंख्यक हैं, जिनके साथ विख्यात प्राचीन वादकों/रचनाकारों के नाम जुड़े हैं ।

....

विष्णुपुर में कुछ सौ वर्ष पूर्व से गीत-वाद्य-नृत्य की साधना चली आ रही है इसका एक साक्ष्य अब भी विद्यमान है, वह है यहाँ के पुराने मन्दिर। जिस समय से मन्दिर बने हैं तब से ही मन्दिर के गात्र पर गीतरत, सरोद-वीणा-सुरमण्डल-सितार-मृदङ्ग-खोल इत्यादि वाद्य-रत एवं नृत्यरत बहुमूर्तियाँ उत्कीर्ण हैं। उस समय इन सब की साधना बहुल परिमाण में थी, इसीलिये उसका प्रभाव मन्दिर के गात्र में शिल्पमूर्तियों के माध्यम से स्थायी रखने की इच्छा तत्कालीन राजाओं को हुई होगी। मन्दिर-निर्माणकारी शिल्पियों को भी सङ्गीत की उन सब वस्तुओं का अच्छा परिचय रहा होगा नहीं तो उन सब मूर्तियों को वे लोग इस प्रकार प्राणवन्त और सुन्दर नहीं बना सकते थे ।

[क्रमशः]

THE INTRODUCTION AND DISSEMINATION OF DHRUPAD IN BENGAL

LATE SATYA KINKAR BANDYOPADHYAYA

(Editor's Summary)

[In DA '92 an edited Hindi version of two Bengali articles of Itu Banerji was published under the same heading. P. 77 contained a reference to a Bengali book by Satya Kinkar Bandyopadhyaya entitled "The Real History of Vishnupur Gharana". In the present number, we have presented a Hindi version of selected portions from this work.]

In order to establish the Viṣṇupur musical tradition as an accepted *gharānā*, the uncle of the author, Gopeshwar Bandyopadhyaya, had propagated the story that Prince Raghunath II had invited Bahadur Sen, the descendant of Tānsen, to his court and had thus laid the foundation of the Viṣṇupur *gharānā*. Our author could not swallow this story and decided to investigate the origin of the Viṣṇupur *gharānā*.

He talked to his grandfather and other persons older than him, one of whom was Nila Mādhav Chakravorty of Ahiri Tola, Calcutta.

When the author was appointed as a singer and instrumentalist under the patronage of Pradyot Kumar Thakur, then the above-mentioned Chakravorty was aged around 84. The narration given by Chakravorty was identical to the facts collected from the earlier veterans.

Many people advised the author not to refute the 'history' propagated by Gopeshwar Bandyopadhyaya, as it had gained credence. Gopeshwarji himself heard our author's research in his last days and said that he would like to make amendments in his own 'history' accordingly. If he had known the facts about Raghunath II, he would not have concocted the story related to him. This prince ruled only for eight years and was always involved in battle, in putting down revolts and upsurges, hence he could not have conceived of establishing *dhrupad* in his principality in view of his preoccupations. Our author was deeply pained to see that Gopeshwarji had deviated from his own geneology and was constrained to project his own father, Anant Lal, in the forefront of Bahadur Sen's disciples.

Many spiritual seekers used to learn the system of *dhrupad* performance and remained immersed in the pursuit of *nāda-brahma*, such as Haridās Swami, Brahmānand Swami, Swami Satyānand, Yugraj, Sūrdās

etc. Some of them were wandering monks. Swami Satyānand who was one such monk was the one who established the *dhrupad* of our *gharānā*. The author says that this Swami reached the outskirts of Mallabhūma, the earlier name of Viṣṇupur, on his way to Purīdhāma. He places this event about 650 years back from 1976. The Swami heard about Pradyumnapur, the capital of that region and about the patronage extended to music by the ruler. Out of curiosity he proceeded towards this place and met one of the forefathers of the author. The forefather was highly impressed by the *dhrupad* performance of the *sādhu*. His performance was also arranged in the court and the ruler and his courtiers were highly delighted with this musical form and style. The Swami agreed to stay there for some time and taught *dhrupads* in some prominent *rāgas*, composed by Nāyak Gopāla and Baiju Bāwrā.

In exchange, the Swami learnt the rendering of Vedic *stotras* in the *rāga*-music of those times as well as some song-texts composed in Sanskrit. Ever since, the practice of *dhrupad* continued in a small degree among the various generations of the author's family.

Another *sādhu* named Swami Brahmānand introduced *dhrupad* in a village named Ghoṅgā in the present Purulia district. The author places this incident 450 years back from 1976. This Swami reached the above village on his way to Puridhāma and met there a pious brahmin who knew Sanskrit and practised music. On request by the brahmin, the Swami sang a *dhrupad* with the drone of *do-tārā*. All the villagers were enthralled by this unique music. The brahmin entreated the Swami to stay for some time and teach him *dhrupad*. The Swami agreed and on his way back also, he stayed for some time and taught *dhrupad* to the brahmin. This family continued the practice of *dhrupad* and later one or two of the descendants went to Viṣṇupur and learnt various musical forms, instruments and *kathak* dance. This musical family of Ghoṅgā was known as '*kathak*' because of the combined practice of songs, instruments and dance. The author came in contact with this family at the age of 13-14 when he went to Purulia with his grandfather. An old teacher of this lineage aged about 86 visited the house of the author's acquaintance and that veteran gave the information cited above by the author. The conversation with this old man bore evidence to the intimate contact between Ghoṅgā and Viṣṇupur.

The descendants of this lineage were attached to the courts of states like Gidhaur, Panchakota, Jharia, Katarāsha etc. The author had heard their *dhrupad* performance in three of these states excluding Gidhaur, when his age was between 14 and 19 years. Their singing was full of jerks and jolts and complex intricacies of *tāla*. There was

no element of *rasa* in it. The author came to know that these people were imitating a certain Khan Saheb whose music was appreciated by their patrons. They had come to believe that this was real form of *dhrupad.* The words in their song were not at all intelligible and they considered it to be a quality to be valued.

Mallarāja Jagatmalla was a prominent name among the names of the Malla rulers. He made a temporary dwelling in the village of Viṣṇupur situated on the northern edge of his kingdom with the intention of building a fortress and founding a city. The forefathers of the author came to inhabit that township. Their neighbourhood was first known as '*Gāyakapārā*' and later as *Ustādpārā.*

In the courts preceding that of Mallarāja Raghunāth I in Pradyumnapur, many generations of the author's family were employed as musicians and paṇḍits. Afterwards Viṣṇupur turned into a city in a short time and became the capital of the Malla region. Ever since, the people of various parts of the country began making a halt in Viṣṇupur on their way to Purīdhāma. In this process, the musicians of Viṣṇupur came in contact with the musicians of various regions of the land. The author's surmise is that they learnt *dhrupad inter alia.* When Maharāj Vīrabambīra came into power, oppurtunities of such contacts became much more frequent. The rulers of north-west used to pass through the outskirts of Viṣṇupur on their way to Purīdhāma. Their entourage would consist of princesses, courtesans, soldiers, elephants, horses, singers, instrumentalists, dancing girls etc. The Malla rulers used to welcome them in their camps and performances by the musicians, dancers of their entourage used to be arranged. As and when the musicians of Viṣṇupur expressed a desire to learn from them, adequate arrangements were made. In some cases, the musician or dancer concerned was left back and was picked up on the return journey of the entourage.

Oppurtunities described above continued to be available for three to four hundred years and thus many accomplished singers and instrumentalists came into existence. The repertoire in vocal compositions, instrumental *gats* and syllabic-cum-rhythmic structures for drums became richer and richer. The author asserts that no other tradition can boast of such a rich variety of musical forms, instruments, *rāgas,* compositions etc. as is available in the Viṣṇupur tradition. He cites the analogy of Kubera's treasure to indicate the richness of the repertoire of Viṣṇupur. Not only in performance, this tradition also has deep involvement in *śāstric* thought. To illustrate his point he has given a list of the components of this treasure—

1. About 300 *dhrupads* in *chautāl* with four sections each in almost all the *rāgas.*
2. 200 *dhamārs* in similar *rāgas.*
3. About 100 compositions covering lesser known *tālas* like *pancham-savārī, āḍā-chautāl, sūl-phāk, brahmatāl, jhaptāl, rupak, tevarā* etc.
4. Songs in *dhrupad* form in obscure *rāgas* and compositions in the obscure forms like *dhāru, prabandha, jugalbandh,* etc.
5. More than 300 compositions in slow and fast *khyāls* in most of the *rāgas.*
6. More than 100 compositions in the forms like *tarānā, trivata, caturaṅga, rāgamālā,* composed *sargams* in *rāgas.*
7. Many compositions in each of the forms known as *ṭappā, thumrī, horī-thumrī, bhajan, jhoolan, kajrī* etc.
8. More than 200 *gats* for sitar composed by celebrities.
9. Some valuable *śāstric* texts.
10. Practice of *vīṇā, sur-bahār, sitār, isrāj, sarod, qānūn, jaltaraṅga, surmaṇḍala* etc. Among the drums, *pakhāwaj* and *tablā* have been given preference.

The author cites another evidence for the fact that the practice of music and dance has been seriously undertaken for centuries—the musical instruments and dancing figures carved on the temples of this region.

(To be continued)

सितार के बाज में ध्रुपद-अंग का प्रभाव तथा आधुनिक मान्यताएँ---एक विश्लेषण

इन्द्राणी चक्रवर्ती

वर्तमान युग में लोगों की सामान्य धारणा यह है कि सितार का वादन ख्याल या ठुमरी के आधार पर ही होता है। अतः ध्रुपद शैली पर जब विचार-गोष्ठी की जाती है, तो सितार के साथ विमाता-सुलभ आचरण किया जाता है। आधुनिक प्रचलित वाद्यों में सितार तथा सरोद ही ऐसे वाद्य हैं, जिन्होंने ध्वनि-संरचना की दृष्टि से विकास की उच्चतम सीढ़ी पर पहुँचने की चेष्टा की है। उसमें भी पर्दा होने के कारण सितार में ध्वनि-विस्तार की क्षमता सरोद से अधिक है। दुर्भाग्यवश इसी सितार को ध्रुपद के वर्त्तमान उन्नायकों तथा ध्रुपद-गोष्ठी के आयोजकों से न्याय नहीं मिल पाया है।

१८वीं शताब्दी के उस्तादों ने सितार की ध्वनि-क्षमता को पहचान कर ही इसे बृहत् आकार देकर आलाप-योग्य 'सुरबहार' का रूप दिया तथा अपने 'घर' से बाहर के शिष्यों को 'बीन अंग' के आलाप की शिक्षा इसी सुरबहार पर दी। इसी समय अदारंग-सदारंग ने भी नवीन शैली ख्याल की शिक्षा अपने घर से बाहर के शिष्यों को देना प्रारम्भ किया। यहीं से बीन तथा ध्रुपद-गान-शैली के प्रचार व प्रसार का ह्रास आरम्भ हुआ; क्योंकि उस्तादों में अपने 'घर' के 'गुर' को छिपाने की प्रवृत्ति आई, हालाँकि इसके कई कारण रहे हैं। इस पर हम आगे चर्चा करेंगे।

परिवर्त्तन की इस श्रृङ्खला में दो तत्त्व सामने आये जो निम्नलिखित हैं—

१.१. ध्रुपद-धमार गान शैली के प्रचार में कमी।

१.२. ख्याल-टप्पा आदि लोक-विधाओं का शास्त्रीय शैली के रूप में उभरना।

२.१. बीन-वादन की शिक्षा में ह्रास।

२.२. बीन अंग के आलाप की शिक्षा सुरबहार में।

२.३. सितार में बीन अंग के आलाप का वादन तथा गत-शैली का विकास।

२.४. सितार की वादन-शैली का अन्य आधुनिक वाद्य सरोद, बेला आदि द्वारा अनुसरण।

२.५. वर्त्तमान में ध्रुपद-अंग के सितार-वादन-सम्बन्धी कुछ ग़लत फ़हमियाँ तथा उनका निराकरण।

१.१. ध्रुपद-धमार गान-शैली के प्रचार व प्रसार में ह्रास होने का मुख्य कारण १८वीं शताब्दी में पुनः भारत में राजनैतिक उथल-पुथल तथा गान की अन्य लोकविधाओं को नवाबों, बादशाहों तथा राजाओं द्वारा प्रोत्साहन देना भी है।

औरंगजेब के पश्चात् राजनैतिक पृष्ठभूमि का परिवर्त्तन आरम्भ हुआ। यद्यपि ध्रुपद का गान दरबार में होता था, किन्तु अन्य लोकविधाओं को भी प्रोत्साहन मिलना प्रारम्भ हो रहा था। ठुमरी को तो राजदरबार में आश्रय मिल ही चुका था। यही कारण है कि ध्रुपद के कई घरानों में ध्रुपद गायक अच्छी ठुमरी भी गाते हैं। बिहार मिथिला क्षेत्र के ध्रुपदिये श्री रामचतुर मल्लिक आदि इसके उत्कृष्ट उदाहरण रहे! किन्तु इन ध्रुपदियों ने ख्याल गान को अपने घर में कभी भी प्रोत्साहन नहीं दिया। कत्थक नृत्य की परम्परा में भी ध्रुपद तथा ठुमरी को ही प्रधानता मिली है।

मुगल बादशाह बहादुर शाह ज़फर तथा मुहम्मद शाह 'रंगीले' के समय जब ग़ज़ल व शायरी एवं नयी विधा ख्याल को प्रश्रय मिलने लगा, तो ध्रुपद की पवित्रता व पारम्परिकता को अक्षुण्ण रखने के लिए उस्तादों ने इस विद्या को अपने पुत्र तथा सम्बन्धियों के बीच तक ही सीमित रखना आरम्भ किया और विद्या के गूढ़ रहस्य को बाहर से आने वाले शागिर्दों से छिपाना आरम्भ किया। संगीत-सम्राट् तानसेन, जो स्वयं बाहर से सीखने वाले शिष्यों में से थे, अपने परिश्रम से स्वयं ही 'घराना' बन गए, उन्हीं के द्वारा स्थापित 'सेनिया घराने' के उस्तादों ने 'ख्याल' की बन्दिशें बनाकर अपने घर के बच्चों को न सिखाकर बाहर से आने वाले कव्वाल बच्चों को सिखायीं, जिन्होंने अपने परिश्रम तथा बुद्धि से इस नवीन शैली का विकास किया। क्रमशः राजदरबार में इसी नवीन शैली को प्रतिष्ठा मिली तथा ध्रुपद गायकों ने भी ख्याल को अपनाया। ध्रुपद की महत्ता कम होने का यही कारण है।

इसी परम्परा का पालन बीन (रुद्रवीणा) वादकों ने किया। इस पर हम आगे चर्चा करेंगे।

१.२. उस्तादों द्वारा दी गयी इस परिवर्त्तित शिक्षा का भरपूर लाभ उनके शिष्य-वर्ग ने उठाया। एक तरफ़ ख्याल शैली का क्रमशः विकास होने के कारण ध्रुपद-धमार के गान के प्रचार में कमी होने लगी; दूसरी तरफ़ राज-दरबार में प्रश्रय मिलने के कारण ख्याल की अनेक गान-शैलियाँ बनीं जो 'घराने' के नाम से प्रसिद्ध हुईं। इनमें से आगरा, ग्वालियर, दिल्ली, जयपुर, किराना आदि प्रमुख रहे।

क्रमशः ख्याल, टप्पा, ठुमरी की शिक्षा को इतना प्रोत्साहन मिला कि ख्याल और शास्त्रीय संगीत एक दूसरे के पर्यायवाची बन गए। इसका एक कारण यह भी रहा कि १९वीं शताब्दी में ख्याल गायकों द्वारा संगीत-संस्थाओं की स्थापना की गयी तथा ख्याल शैली के शिक्षण पर ही विशेष बल दिया गया। इन संस्थाओं का आरम्भ बंगाल के राजा शौरीन्द्र मोहन ठाकुर, श्रीक्षेत्रमोहन गोस्वामी, बड़ौदा के मु० मौला बख्श, पं० आदित्यराम ने किया, उसे स्थायित्व प्रदान किया संगीत जगत् के दो महान् विभूति पं० विष्णु दिगम्बर पलुस्कर तथा पं० विष्णु नारायण भातखंडे ने। क्रमशः सामान्य शिक्षण-संस्थाओं में भी संगीत को एक विषय के रूप में मान्यता मिली और वहाँ भी ख्याल शैली तथा सितार के शिक्षण को स्वीकार किया गया।

२.१. गायन की तरह 'घर का गुर' छिपाने की प्रवृत्ति वादन के क्षेत्र में भी परिलक्षित होती है। जैसे-जैसे गान-विधाओं में परिवर्त्तन हुआ, वीणा ने भी अपना स्वरूप बदला है। इतिहास इसका साक्षी है। विभिन्न प्रकार की वीणाएँ (तन्त्री वाद्य) तथा वंशी गान का साथ-संगत करती थीं, अतः नवीन गान-शैलियों के लिए उपयुक्त वीणाओं की भी कल्पना की गई। परिवर्त्तन के इतिहास में वीणा के तीन स्वरूप सामने आते हैं, संक्षेप में उनका उल्लेख करना विषय के बहिर्भूत नहीं होगा।

२.१.१. प्रथम प्रकार में वे वीणाएँ आती हैं, जिनमें हर स्वर के लिए पृथक् तन्त्री का प्रयोजन रहा। वैदिक युग के वाण (शततन्त्री) तथा परवर्त्ती काल के मत्त-कोकिला, विपञ्ची आदि इस प्रकार के उत्तम उदाहरण हैं।

२.१.२. विकास के द्वितीय चरण में वे वीणाएँ सामने आयीं, जिनमें एक ही तार की लम्बाई को घटा-बढ़ाकर अनेक स्वर उत्पन्न किये जा सकते थे। इनमें चित्रा, घोषा (एकतन्त्री), नकुली, सारंगी (शार्ङ्गी) आदि प्रमुख हैं। इन वीणाओं में सारिकाएँ नहीं होती थीं।

२.१.३. उपर्युक्त दो प्रकार की वीणाओं का प्रचलन वैदिककाल से भरत के समय तक रहा। नाट्यशास्त्र में उल्लिखित कच्छपी वीणा को ४०/५० वर्ष पूर्व प्रचलित कछुआ बीन से जोड़ना इसलिए भी उचित नहीं होगा, क्योंकि उपलब्ध ग्रन्थों में मतंग की बृहद्देशी में सारिकायुक्त वीणा का उल्लेख मिलता है जो ५–७वीं शताब्दी का माना जाता है। भरत के परवर्त्ती ग्रन्थों में कच्छपी वीणा का उल्लेख अत्यल्प है तथा उसके स्वरूप के बारे में कुछ पता नहीं चलता। कछुआ बीन का प्रचलन अर्वाचीन है। बीसवीं सदी के पूर्वार्द्ध में

चपटी तुम्बी वाली सितार का आकार कछुए की पीठ से मिलता था, इसलिए इसे कच्छपी वीणा या कछुआ बीन कहा जाता था।

पूर्वोक्त द्वितीय प्रकार की वीणा, जहाँ एक ही तार की लम्बाई को घटा-बढ़ाकर स्वर प्राप्त किया जाता था, का ही विकसित रूप है सारिकायुक्त वीणा। ऐसी वीणा के आविष्कार से कण्ठ की हर तकनीकी सम्भावनाओं का वादन तो सम्भव हुआ ही, वादन का 'तन्त्रकारी' पक्ष भी प्रबल हो उठा।

किन्नरी सारिकायुक्त वीणाओं की जननी रही है। किन्नरी के साथ ही हमें अन्य सारिकायुक्त वीणाओं का उल्लेख प्राप्त होता है, जिनमें आलापिनी, त्रितन्त्री (लौकिक नाम जन्त्र या जन्तर) और तत्पश्चात् रुद्रवीणा प्रमुख हैं। विभिन्न प्रकार के प्रबन्धों का वादन इन वीणाओं में होता था।

१५वीं शताब्दी में जब राजा मानसिंह तोमर ने ध्रुपद नामक प्रबन्ध को व्यवस्थित रूप दिया, तो रुद्रवीणा को ध्रुपद-धमार शैली के साथ-संगत के अनुरूप बनाया गया। बीन या बीना का उल्लेख १४।१५वीं शताब्दी के काव्यग्रन्थों में मिलता है (द्र० जायसी, नानक, कबीर, कृष्णदास आदि)। किन्तु किन्नरी, त्रितन्त्री या जन्त्र (जन्तर) रबाब आदि वाद्यों का भी उल्लेख मिलता है। ध्रुपद शैली में साथ-संगत करने के लिए चूँकि रुद्रवीणा या बीन उपयुक्त वाद्य था, अतः परम्परावादी संगीतज्ञों ने इसे अधिक महत्त्व दिया, और इसकी उत्पत्ति शिव-पार्वती से मानी, इनमें १२ स्वरों को १२ सारिकाओं में स्थापन करने का आधार एकादश रुद्र तथा एक महारुद्र से स्वीकार किया। परवर्त्ती काल में ध्रुपद की वाणियाँ (शैली) ही 'बीन' की वाणियाँ बनीं। कालान्तर में संगीत सम्राट् तानसेन द्वारा प्रवर्त्तित सेनिया घराने में पुत्रवंश ने रबाब को तथा कन्या के वंशजों ने रुद्रवीणा को अपने मुख्य तन्त्री वाद्य के रूप में चुना।

२.२. १८वीं शताब्दी के मध्यभाग से ईस्ट इन्डिया कम्पनी ने भारत पर अपना प्रभुत्व जमाना तथा बादशाह–नवाबों–राजाओं से सत्ता हथियाना आरंभ कर दिया। इसके फल-स्वरूप भारत में पुनः एक बार आर्थिक-राजनैतिक व सांस्कृतिक उथल-पुथल आरंभ हो गयी। संगीत-जीवि-वर्ग भी अपने आश्रयदाता के खोज में एक स्थान से अन्य स्थान में जाने लगे। अपनी विद्या को छिपाने की प्रवृत्ति का आरंभ सम्भवतः यहीं से हुआ। क्रमशः घर की विद्या का रहस्य या 'गुर' केवल अपने बच्चों तक सीमित रह गया। वादकों में तो इतना दकियानूसीपन आ गया कि वे अपने वाद्य की शिक्षा भी देने में कतराने लगे और इसके लिए कई कहानियाँ भी गढ़ी गईं और काला-

न्तर में बीन की शिक्षा अपने पुत्रों के अतिरिक्त अन्य सम्बन्धियों के लिये भी मना हो गई।

अतः बीन अंग के आलाप की शिक्षा के लिये सेनिया घराने के उस्ताद लोगों ने उस समय प्रचलित सितार वाद्य का एक बड़ा रूप बनाया और उसमें बीन अङ्ग का आलाप सीखने की व्यवस्था दी। सितार के आकार में वृद्धि कर दी तथा उसमें मोटे तार लगा दिये गए। डाँड़ चौड़ी करने से मींड का काम भी सात स्वर तक सम्भव हो गया। उक्त परिवर्त्तन से बीन जैसी गम्भीर ध्वनि भी निकलने लगी। दो मिजराब के प्रयोग तथा बीन अंग के बाँये हाथ की तकनीक के आधार पर इस वाद्य शिक्षा दी गई जिससे रुद्रवीणा का ही आभास हो। इसका नाम 'सुरबहार' रखा गया। यद्यपि इस वाद्य की शिक्षा बीन के स्थान पर बाहरी शिष्यों को दी गई, किन्तु इसका ध्वनि-गाम्भीर्य बीन जैसा होने से खानदानी उस्तादों ने भी इसे अपना लिया और सुरबहार के कई प्रसिद्ध वादक पिछले दशकों में हो चुके। सुरबहार को केवल आलाप के लिए ही उपयुक्त माना गया और तालबद्ध बन्दिशों के लिए सितार को।

२.३. जैसा कि हम ऊपर देख चुके हैं, जब बीन की शिक्षा शिष्यों के लिए उस्तादों ने सीमित कर दी तो शिक्षण के लिए समान्तर वाद्य की आवश्यकता हुई। लोक-प्रचलित वाद्य सेहतार या सितार इसके लिए उपयुक्त था। अब सेहतार भारतीय जन्तर या त्रितन्त्री से बना अथवा फारस से आया इस विवाद में हम नहीं पड़ते, पर यह निर्विवाद सत्य है कि सेहतार का आविष्कार १३वीं शताब्दी में अलाउद्दीन खिलजी के सेनापति व दरबारी कवि अमीर खुसरो ने रुद्रवीणा के आधार पर बिल्कुल नहीं किया। अब तक की खोज से इतना स्पष्ट हुआ है कि सेनिया घराने के खुसरो खाँ ने संभवतः समसामयिक वाद्य सेहतार को ध्रुपद अंग से वादन-योग्य बनाया। आलाप अंग का वादन तो सुरबहार में किया जाता था, किन्तु वीणा की तालबद्ध रचनाओं का वादन सितार में सन्तोषप्रद सिद्ध न होने के कारण वादन की नयी शैली 'गत' का आविष्कार किया गया। यद्यपि मूल रूप में गत की बन्दिश ध्रुपद-धमार की गान-शैलियों से ही प्रभावित रही, किन्तु मिजराब के नियमबद्ध प्रयोगों के कारण गीत से भिन्न रूप में गत का प्रभाव दिखता था। सितार तथा अन्य तन्त्र वाद्यों के लिए उपयुक्त गत शैली के आविष्कार का श्रेय सेनिया घराने के उस्ताद मसीत खाँ (सेन) को जाता है। इनसे पूर्व उस्ताद निहाल सेन के पुत्र अमीर खाँ ने अमीरखानी गत की बन्दिशें

बनाईं जो मध्य लय की गतें थीं। किन्तु मसीत खाँ ने नयी प्रकार की बन्दिश संगीत जगत् को दी जो 'मसीत खानी गत' के नाम से प्रसिद्ध हुई। तीन ताल का प्रयोग उनसे पूर्व ही प्रचलित था।

ऐसा लगता है कि उस्ताद मसीत खाँ द्वारा निर्मित बन्दिश का आधार लोक-परम्परा की रचना थी। लोक छन्द सवैया का यह पद आज भी दोहराया जाता है जो सम्भवतः मसीत खानी बाज का आधार रहा।

क—उठ जाग मुसाफिर भोर भई
अब रैन कहाँ जो सोवत है।

ख—अब इसे सितार के बोल में बाँधे तो ऐसा बनेगा—

	३✓				×✓		
उठ	जा	गमु	सा	फिर	भो	रभ	ई
दिर	दा	दिर	दा	रा	दा	दा	रा

	२✓				०✓		
अब	रै	नक	हाँ	जो	सो	वत	है
दिर	दा	दिर	दा	रा	दा	दा	रा

अब इसके ताल के झुकाव पर ध्यान दे तो ✓ चिन्ह पर ही ताली या आघात पड़ेगा।

उ० मसीत खाँ ने उस समय सितार की गतों का आविष्कार किया था, जब ध्रुपद का स्थान ख्याल शैली ले रही थी। किन्तु परम्परा-वादी संगीतज्ञ होने के कारण आरम्भिक गत की बन्दिशों में ध्रुपद की छाया अधिक थी, जिस प्रकार प्रारम्भिक ख्याल की बन्दिशों में ध्रुपदांग का प्रभाव अधिक स्पष्ट होता है 'कानून-ए-सितार' में सैयद सफदर हुसैन खाँ देहलवी ने १८७० में इसका उल्लेख किया है। मसीत खाँ तथा उनके पुत्र बहादुर खाँ ने मसीतखानी गतों में बीन के तोड़े–ठाह, दून, आड़ (झाड़), किवाड़ (कुआड़), गमक, सूत, तान आदि का प्रयोग किया और अपने शिष्यों को सिखाया।

प्रारम्भ में सितार में १६ सारिकाएँ (पर्दे) होती थीं, बाद में एक पर्दा और बढ़ाकर १७ पर्दे किये गए। सेनिया घराने के मसीत सेन की शिष्य-परम्परा के सितार वादक अभी भी १७ पर्दे के सितार ही बजाते हैं। १९वीं शताब्दी के अन्त / बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में १९ पर्दे वाली सितार का प्रचलन हुआ और आज तक यही सर्वाधिक प्रचलित वाद्य है।

इसी समय सितार के आकार में परिवर्तन हुआ, तन्त्रियों को मिलाने की व्यवस्था में अन्तर, तथा 'तरफ' के तारों की व्यवस्था का प्रारम्भ हो जाने से स्वर-विस्तार तथा ध्वनि-माधुर्य के क्षेत्र में क्रान्ति आ गई। अब ध्रुपदांग आलाप के लिए सुरबहार की आवश्यकता न रही। सितार में ही ध्रुपद शैली से आलाप, बन्दिश व विस्तार किया जाने लगा। क्रमशः प्रत्येक शैली में वादन करने योग्य वाद्य सितार बन गया।

यही कारण है कि प्रत्येक संगीत-संस्था तथा शिक्षा-केन्द्रों में (माध्यमिक विद्यालय से विश्वविद्यालय तक) वाद्य का प्रशिक्षण सितार के माध्यम से ही मुख्यतः दिया जाता है।

वादन के क्षेत्र में जयपुर के बीनकारों का प्रभाव भी स्वीकार करना चाहिए। मसीत खाँ के वंशजों ने जयपुर दरबार में नौकरी की और जयपुर के बीनकारों की विशेषता को भी सितार में बड़ी खूबी से उतारा। इस प्रकार सितार में गौड़हारी व खंडार अंगों के साथ नौहार बानी की विशेषता भी मिली।

सितार की वादन-विधि में ध्रुपदांग

भारतीय दर्शन में सृष्टि-स्थिति-लय का मतादर्श स्पष्ट है। इसी धारणा की पुष्टि हर विषय के साथ की जाती है। संगीत भी इससे अछूता नहीं है। नाद के सृष्टि-स्थिति-लय का प्रमाण जिस प्रकार गान-विधाओं में दिखाई देता हैं, उसी प्रकार वाद्य की बनावट में भी उसका प्रभाव परिलक्षित होता है। स्वर की अविच्छिन्नता (Continuity) जिस प्रकार वायु-पूरित वाद्य वंश में तथा गज से घर्षण कर बजाये जाने वाले वाद्य बेला में सम्भव है, उतनी आसानी से छेड़कर बजाये जाने वाले वाद्य सितार, सरोद आदि में सम्भव नहीं है। अतः अन्तिम वाद्यों में विशेषतः पर्दे वाले वाद्यों में नाद-सम्बन्धी विस्तार पर ध्यान दिया गया।

स्वर की नियतता को नियन्त्रित रखने के लिए वाद्य-वेत्ताओं ने कई उपाय किये। उभरे हुए घुड़च या मेरु (bridge) के स्थान पर चपटी मेरु को अधिक उपयुक्त समझा गया, जिसमें हल्की सी ढलान भी रखी गई जिसे जवारी कहते हैं। कुछ समय तक वादन से जवारी के बन्द हो जाने से उसे खोलने की भी व्यवस्था की गई जिससे उचित गूँज की प्राप्ति हो। चपटी घुड़च से स्वर की तीव्रता में वृद्धि हुई नाद की अनुरणनात्मकता अधिक स्पष्ट हुई। सृष्टि का नवीन रूप उजागर हुआ।

पर प्रवीण-वादक इससे सन्तुष्ट नहीं हुए। स्वर की निरन्तरता को और अधिक पुष्ट करने के लिए 'तरफ़' के तारों की कल्पना की गई। तार को छेड़ने से

नाद का एक परिमण्डल बना, तरफ़ के तारों के प्रयोग से उसे और विस्तृति मिली तथा सृष्टि का अंग और अधिक सशक्त होकर स्थिति की अवस्था आयी।

अब 'लय' (संहार या समाप्ति) का उपयोग वादक की वादन-शैली पर आधारित अर्थात् उसके इच्छाधीन माना गया।

वादन-शैली का अध्ययन करने पर स्पष्ट होता है कि यह वादक के इच्छाधीन होते हुए भी इसमें उपर्युक्त सृष्टि-स्थिति-लय के दर्शन का समावेश है। राग को देही-रूप दिया गया है, प्राणीमात्र में यही कर्म होता है, और इसी तरह रागरूपी देही की उपस्थापना (Presentation) में इन तीन वृत्तों के अतिरिक्त अन्य किसी विशेषता की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

सृष्टि-स्थिति-लय की समायोजना में सितार ने अपने वादन में अपने पूर्ववर्त्ती वाद्यों (रुद्र वीणा) का आधार लिया। वादन विधि में क्रमशः इन्हें आलाप, बन्दिश (तथा तान-विस्तार) और झाला के नाम से जाना जाता है। इन तीन विधियों का पुनः उपर्युक्त तीन खण्डों के आधार पर वादन होता है अर्थात् आलाप-जोड़-झाला में सृष्टि-स्थिति-लय की कल्पना है। ऐसा ही विचार बन्दिश तथा झाला के के वादन के लिए है। हम यह जानते है कि बीन में आलाप के पश्चात् जोड़ तो आता है किन्तु झाला को कोई अलग से खण्ड न मानकर जोड़ के पश्चात् ही उपखंड के रूप में बजाया जाता है। किन्तु बीन में सितार की तरह 'बन्दिश' के पश्चात् झाला बजाने की कोई प्रथा नहीं थी। ठोक झाला का प्रयोग केवल बीन में होता था।

आलाप—सृष्टि का कार्य धीरे २ चलता है, किसी भी भागदौड़ में उसका विश्वास नहीं। जैसे मातृगर्भ में शिशु का बढ़ना। रागरूपी मानव की सृष्टि भी इसी तरह आलाप के आधार पर होती है। अन्य शब्दों में कमलकली के खिलने के समान राग का रूप भी आलाप से ही प्रस्फुटित होता है। इसीलिए आलाप को राग का प्राण कहा गया है।

ऐसे आलाप को आज तीन रूप में गाया बजाया जाता है। यहाँ भी सृष्टि-स्थिति-लय का समावेश होता है। फूल खिलते समय जैसे एक-एक पंखुड़ियाँ कली में से अलग-अलग होती हैं और धीरे-धीरे क्रमशः फूल का रूप लेती हैं, उसी प्रकार आलाप का प्रथम अंग अनिबद्ध क्रम से आरंभ होकर लय-बद्ध-रूप जोड़ से विकास करता हुआ, ठोक झाला की लय (व ताल के क्रमशः द्रुत गति से वादन) में समाप्ति होती है। इसके पश्चात् परम्परावादी वादक पखावज या तबले पर तालबद्ध संगति तारपरन बजाकर वादन को समाप्त करते थे।

सेनिया घराने में बीन का आलाप सप्तांग में होता था, जो इस प्रकार है—

आलाप के 'बड़े हिस्से' में स्थायी, अन्तरा व संचारी का वादन होता था जिनमें लय क्रमशः विलम्बित, मध्य व द्रुत होती। आलाप के 'छोटे हिस्सों' में चार खण्ड होते थे—जोड़, छन्द, ठोक, झाला।

१९वीं शताब्दी में सेनिया घराने के प्रसिद्ध बीनकार उमराव खाँ ने आलाप का वादन सात के स्थान पर बारह खण्डों में निश्चित किया तथा अपने शिष्यों को बीन के इन अङ्गों की शिक्षा सुरबहार पर दी। बारह खण्डों का नाम है—विलम्पत, मध, द्रुत, झाला, ठोक, लड़ी, लड़गुथाव, लड़लपेट, परन, सूत, ध्रुवा और माठा। तेरहवां उपखंड बाद में 'परमाठा' भी जोड़ा गया किन्तु वह थोड़े दिनों में ही समाप्त हो गया।

सेनिया घराने के बीनकारों ने 'बिलम्पत' में तीन तुक 'स्थायी-अन्तरा-संचारी' को आवश्यक माना और बाद में 'भोग-आभोग' नाम के दो तुक और जोड़े। बिलम्पत खंड में इन सभी तुक का क्षेत्र निर्धारित था। बाद में सुरबहार व सितार में इन्हीं खंडो का वादन होता रहा। बीन-रबाब-सुरबहार व सितार का स्वर-क्षेत्र क्रमशः अनुमन्द्र, मन्द्र, मध्य व तार स्थान माना गया।

अब आलाप-वादन में सृष्टि-स्थिति-लय की उपस्थापना पर ध्यान दें।

आलाप के प्रथम अंग के वादन में क्रमशः एक-एक स्वर का विस्तार किया जाता है, जिसमें कोई शीघ्रता नहीं होती। सृजन की इस प्रक्रिया में एक २ स्वर को स्थायित्व प्रदान करते हुए आलाप की बढ़त होती है। आलाप का यह 'बड़ा हिस्सा' विलम्बत कहलाता है जिसका विस्तार 'स्थायी-अन्तरा-संचारी-भोग-आभोग' तक होता है। यह सृष्टि की प्रक्रिया है।

फिर जोड़ और छन्द का वादन आरंभ होता है जो 'मध' खंड का हिस्सा है। बीनकारों में जोड़ खंड में ही मध, द्रुत और झाला, ठोक का वादन होता था, सितार वादकों ने झाला वादन पृथक् खंड में माना। यह तालहीन किन्तु लययुक्त विस्तार है। इसमें राग रूप क्रमशः प्रस्फुटित होता है। यह स्थिति है।

वादन का अन्तिम खंड है लड़ी से माठा तक का विस्तार। ३० वर्ष पूर्व तक भी सेनिया घराने के सितारिये लड़ी, लड़गुथाव व तान परन का विशेष प्रयोग वादन के अन्तिम अंश के रूप में करते थे। किन्तु धीरे-धीरे इसका प्रयोग समाप्त हो गया तथा आजकल 'सताल' आलाप की परम्परा नहीं रही। आज ठोक झाला में आलाप-वादन की समाप्ति होती है और लय या संहार इसी खंड के वादन में होता है।

सेनिया घराने के सितार-वादक आज भी आलाप का नियमबद्ध वादन करना उचित समझते हैं। यद्यपि कुछ खंडों का वादन अब नहीं होता है, किन्तु सृष्टि-स्थिति-लय के आधारगत रूप का सितार वादन में पूर्णरूपेण पालन किया जाता है। इस दृष्टि से विलम्बत यानी लय (संहार या समाप्ति) ही सितार वादन की भित्ति है जिस पर रागरूपी भवन का निर्माण होता है।

बन्दिश (गत)—सितार पर स्वतन्त्र रूप से बन्दिश बजाने की परम्परा का आरम्भ भी सेनिया घराने के उस्तादों की देन है। उस्ताद निहाल सेन के पुत्र उ० अमीर खाँ ने ध्रुपद अंग से अमीर खानी गत की रचना की जो मध्यलय की बन्दिश थी। किन्तु उसी घराने के उ० मसीत खाँ (सेन) ने मसीत खानी गत का आविष्कार कर स्वतन्त्र बन्दिश वादन के क्षेत्र में क्रान्ति ला दी। इनके शिष्य लखनऊ के अली रजा खाँ (जिन्हें बाद में गुलाम रजा खाँ कहा गया है) ने रजा-खानी गत का निर्माण किया जिसने वादन-क्षेत्र में अपना स्वतन्त्र पहचान बनायी।

उपर्युक्त दोनों प्रकार की गतों के वादन का आधार ध्रुपद था। अर्थात् ध्रुपद अंग से ही बोलबाँट और बोल-तान के आधार पर गतों का विस्तार किया जाता था। आरंभ में गत के स्थायी अन्तरा का वादन कर पुनः गत का ही विस्तार किया जाता था। विभिन्न स्वर समुदाय तथा तकनीक के आधार पर गत का बिस्तार किया जाता था। 'कानून-ए-सितार' के अनुसार 'मसीतखानी' में सब तरह का बाज बजाता है और फैलाव भी इतना है कि जबतक जी चाहे एक गत को बजाये जाओ।' रजाखानी गत के लिए इस पुस्तक में कहा गया है "......अली रजाखानी जिसको पूरबी भी कहते है..." बाज की गतें कुछ कठिन होती है क्योंकि उनके बोल (मिजराब के बोल) आड़े होते हैं और गतों की चाल तेज। इसीलिए उनके साथ अद्धे की ताल बजाई जाती है। उन गतों का फैलाव भी कठिन होता है।

मसीत खानी तथा रजाखानी गतों का प्रचार आगे जाकर बहुत बढ़ा। यद्यपि प्रारंभ में दोनों प्रकार की गतों की पृथक सत्ता रही और इनका वादन भी पृथक् रूप से होता था, किन्तु बीसवीं शताब्दी के पूर्वभाग में संगीत-गोष्ठी या संगीत-सम्मेलन का आयोजन किया जाने लगा तो मसीतखानी तथा रजाखानी गतों का वादन साथ-साथ होने लगा और क्रमशः यह आवश्यक रूप में स्वीकार कर लिया गया। इस परिवर्त्तन का कारण अवश्य ही ख्याल-पद्धति का गायन है। ख्याल में विलम्बित व द्रुत बन्दिशों का गान क्रमशः होता है, अतः कार्यक्रम देते समय सितार वादकों ने भी इस क्रम को स्वीकार किया और साथ ही झाला का वादन अन्तिम खंड के रूप में जोड़ दिया जिससे कार्यक्रम को एक पूर्ण स्वरूप प्रदान किया जा

सके। यही नियम बाद में स्वीकार किया गया तथा प्रशिक्षण के क्षेत्र में भी इस विधान को सर्वजन-सम्मत बना दिया गया।

गत और उसके इस विस्तार-क्रम में भी इन तीन काल खण्डों का महत्त्वपूर्ण हाथ रहा। बन्दिश का आरंभ स्थायी-अन्तरा से किया जाता है। फिर पहले स्थायी का और फिर अन्तरा का विस्तार वैचित्र्यपूर्ण स्वरावली की सहायता से किया जाता है। फैलाव की इस प्रक्रिया में ध्रुपद अंग का ही प्रभाव दीखता है। यह सृष्टि का क्रम है।

स्थिति का उपादान है 'तोड़ा' या बोल तान। फूल से बने गुलदस्ते को 'तोड़ा' कहा जाता है। स्वर समुदाय को विभिन्न प्रकार के छन्दों में बाँधकर प्रस्तुत करना तोड़ा कहलाता है। बीन या सितार में ये स्वर-समुदाय बोलों के आधार पर निर्माण किये जाते थे। विस्तार के इस क्रम में भी नियमबद्धता होती थी। पहले छोटे-छोटे टुकड़े बजाकर गत का मुखड़ा पकड़ना, फिर क्रमशः विभिन्न छन्दों के आधार पर बड़े-बड़े तोड़े निकालने का क्रम था। इस प्रकार के वादन में मींड़, गमक, सूत और मिजराब के बोलों की प्रधानता थी। कालान्तर में द्रुत तथा अति द्रुत गति के तानों की प्रधानता होने से मिजराब के बोलों तथा छन्दों की प्रमुखता कम हुई। किन्तु विस्तार का खंड स्थायित्व का द्योतक अवश्य है।

झाला—आलाप-रूप सृष्टि, बन्दिश-रूप स्थिति के पश्चात् झाला रूप लय (संहार) की कल्पना वादन क्षेत्र में सितार में ही सर्वप्रथम की गई। बीन में झाला आलाप अंश में होता था, किन्तु बन्दिश में झाला सितार की देन है। सृष्टि-स्थिति-लय रूपी परिमण्डल की समाप्ति आलाप-बन्दिश (गत) के बाद झाला में ही होती है। इस तकनीक का सरोद आदि अन्य वाद्यों ने अनुसरण किया।

बन्दिश का विस्तार तोड़े व तानों द्वारा करने के पश्चात् लय की गति बढ़ाकर झाला का वादन प्रारम्भ किया जाता है। झाला का आरम्भ वादन-क्रम की समाप्ति की ओर इंगित करता है। किन्तु झाला-वादन भी तीन कालखण्डों के नियम के बाहर नहीं है।

झाला का प्रारम्भ गत की लय से ही किया जाता है। १६ मात्रा के दा>>> दा>>> दा>>> दा>>> बोलों को बजाकर झाला की सृष्टि का आभास दिया जाता है। स्थिति की ओर बढ़त छन्दोबद्ध स्वर-समुदायों से होती है। क्रमशः लय बढ़ती है और तान तथा रिहाई लेकर झाला की तथा सम्पूर्ण वादन-क्रम की समाप्ति की जाती है। यह 'लय' यानी संहार अर्थात् सम्पूर्णता का अंश है।

मान्यताएँ—उपर्युक्त समस्त वादन-प्रक्रिया ध्रुपद्र अंग की ही द्योतक है, हाँ समयानुसार तकनीकों का परिवर्त्तन व परिवर्धन अवश्य हुआ है। ऐसा संगीत के इतिहास में सदा ही होता रहा है। यह कोई नवीन बात नहीं है। आज की स्थिति से पीछे की ओर मुड़ कर देखें तो ख्याल के पूर्ववर्त्ती ध्रुपद-धमार आदि हैं, ध्रुपदादि का पूर्व रूप देशी सूड-प्रबन्ध है, उनसे पूर्व मार्ग-प्रबन्ध है, उनसे पूर्व गीतक विधा है। परिवर्त्तन व परिवर्धन का क्रम वादन क्षेत्र में भी होता है। तत-वाद्यों के क्रम के बारे में संक्षिप्त विवेचन हम पहले ही कर चुके हैं। अतः आज जिनके लिए यह एक समस्या है कि सितार में ध्रुपद-अंग का समावेश होना माना जाय या नहीं, उन्हें इतिहास की ओर देखना चाहिए। यह प्रश्न अक्सर किया जाता है कि आज की तीव्र गति का वादन-क्षेत्र में जो प्रभाव पड़ा है, वह क्या ध्रुपद अंग से प्रभावित है ? केवल गति (तेज लय) की बात हो तो, इस प्रश्न का उत्तर है—नहीं। किन्तु प्रति-प्रश्न यह है कि क्या सितार की समस्त वादन-पद्धति केवल तेज गति पर निर्भर है ? प्रत्युत्तर है—ऐसा नहीं। गान के क्षेत्र में ख्याल शैली ने जिस प्रकार आलाप खण्ड का वर्जन किया है, वादन में वैसा कभी नहीं हुआ। आलाप का वादन सितार में अभी भी ध्रुपद-अंग से होता है। भारतीय सगीत में रुचि रखने वाले किन्तु इसके तकनीक को न जानने वाले श्रोताओं (देशी तथा विदेशी) पर मैंने परीक्षण कर देखा है कि वे आलाप खण्ड को अधिक शान्ति से सुनते हैं। स्वर की गहराई उनके मन में अपनी छाप अवश्य छोड़ती है। यह प्रभाव सम्भव होता है ध्रुपदांग में आलाप करने से। सृष्टि का आनन्द कर्त्ता व श्रोता दोनों समान रूप से ले सकते हैं, अगर सृष्टि में स्थायित्व का आभास हो। सितार में इन सम्भावनाओं को देखकर ही सेनिया घराने के प्रतिभावान् वादकों ने इस वाद्य का विकास किया और ध्रुपद के सब अंगों का यथावत् प्रयोग इसमे किया।

केवल तान अंश में अति द्रुत लय के प्रयोग के कारण ही सितार को अन्त्यज वाद्य नहीं मानना चाहिए। केवल कुछ वादकों को छोड़कर अभी भी अनेक परम्परा-वादी सितार-वादक हैं जो ध्रुपदांग-वादन करते है।

ध्रुपद गान तथा ध्रुपदांग वादन के योग्य वाद्यों को पुनः प्रसिद्धि देने के लिए कुछ विद्वान् तथा संस्थाएँ वर्त्तमान काल में सचेष्ट हुई हैं। इनकी सम्मिलित चेष्टा के फलस्वरूप देश के विभिन्न भागों में कई ध्रुपद मेलाओं का आयोजन होता रहता है। इन आयोजनों में ध्रुपद-धमार गायक, रुद्रवीणा या बीन वादक तथा विचित्र वीणा, सुरबहार व सरोद वादकों को स्वीकृति मिल चुकी है, किन्तु सितार के ध्रुपदी वादकों को अभी तक कोई स्थान नहीं दिया गया। कुछ विदेशी वाद्यों का भी ग्रहण

किया गया है, जिनमें ध्रुपदांग वादन सम्भव हुआ है। कई आयोजकों से विचार-विमर्श करने पर जो सङ्केत हमें मिले, वे ऐसे हैं—ध्रुपद शैली का अर्थ है क) ध्रुपद-धमार-सादरा का गान, ख) बन्दिशें चौताल-धमार-सूल आदि में निबद्ध हो, ग) पखावज का (ही) साथ-संगत हो, घ) वाद्यों में रुद्र वीणा, विचित्रवीणा, सुरबहार बजे (जो भारी-भरकम वाद्य है)। (कहीं-कहीं सरोद को भी स्थान मिला है) ङ) जो भी वाद्य बजे, उनमें भी गत (बन्दिश) चौताल में निबद्ध हो और पखावज के साथ संगत हो।

उपर्युक्त नियमावली पर पुनर्विचार आवश्यक है। इस विषय में हम अपनी दृष्टि से विचार करना चाहेंगे—

क) हम यह मानते हैं कि राग का प्राण है आलाप उसका बढ़त-विस्तार ही राग को स्पष्ट करने में सक्षम है। जिस गान विधा में आलाप की क्षमता हो, उसे हम मान्यता देते हैं। इसी कारण ध्रुपदिये, ख्याल गायकों को विशेष सम्मान नहीं देते क्योंकि ख्याल शैली में आलाप का उतना महत्व नहीं है, जितना बन्दिश के विस्तार का। आलाप ख्याल में उतना ही होता है जितना बन्दिश के विस्तार में सम्भव हो।

बीना वादन में ध्रुपदांग आलाप का वादन यथावत् होता है, साथ ही तन्त्रकारी अंग का भी विकास किया जिससे वादन-क्षेत्र अधिक पुष्ट हुआ। बीन की शिक्षा शिष्यवर्ग में न दिये जाने की अवस्था में उस्तादों ने लोकप्रचलित वाद्य सितार को स्वीकार किया तथा इसके आकार में वृद्धि कर बीन के जोड़ का वाद्य बनाया और ध्रुपदांग आलाप तथा बीन की हर तकनीक की शिक्षा दी। कालान्तर में सितार के प्रतिभाशाली वादकों ने अपने वाद्य के उपयुक्त गत शैली का निर्माण किया और सितार को बीन के समान्तर रेखा में लाकर खड़ा किया। सितार के आकार में थोड़ा परिवर्त्तन तथा तारों के मिलाने की विधि में विकास कर इसे आलापयोग्य वाद्य भी बना दिया। अब एक ही वाद्य में ध्रुपदांग आलाप और ध्रुपदी रीति से बन्दिशों का विस्तार सम्भव हो गया। अतः सुरबहार सीखने की आवश्यकता भी नहीं पड़ी।

ध्रुपद-धमार शैली का विकास भी प्रबन्धों के प्रकार से ही हुआ है। ग्रहण-वर्जन, परिवर्धन-परिमार्जन का क्रम संगीत के इतिहास में प्रारम्भ से ही रहा है। फिर सितार के प्रति ऐसा आचरण क्यों ? ध्रुपद अंग का अर्थ क्या केवल चारताल-धमार आदि ताल में निबद्ध 'आधुनिक रचनाएँ' हैं जहाँ पखावज के साथ संगत किया गया हो ? क्या तीनताल में निबद्ध ध्रुपद नहीं है ? ध्रुपद (बीन) अंग का आलाप

तथा पुरानी टकसाली बन्दिशें (जो ध्रुपद पर आधारित है), उसकी बढ़त, छन्दोबद्ध तोड़ों का वादन अगर तीनताल में निबद्ध हो, तो वह वादन ध्रुपद शैली का नहीं माना जायगा, अगर यह सितार पर बजाया जाये ?

दूसरी ओर, ध्रुपद शैली की उचित शिक्षा न पाकर भी विचित्र वीणा सुरबहार आदि में स्वनिर्मित चारताल की बन्दिश पखावज की संगति में बजाया जाय तो उसे ध्रुपदांगवादन स्वीकार किया जायेगा ? यह इसलिए कि ये वाद्य देखने में भारी भरकम हैं ? विचित्र वीणा क्या आधुनिक वाद्य नहीं है ? क्या सितार उससे पुराना नहीं ?

क्या परम्परावादी वादक सुरबहार पर गत या तालबद्ध रचनाएँ स्वीकार करेंगे ? क्या वाद्य-संगीत का यही इतिहास है ? केवल ध्रुपदांग आलाप हो तो मान्य है, पर स्वनिर्मित तालबद्ध रचनाओं का वादन क्यों ध्रुपद मेला में सुना जाता है, क्यों कोई विद्वान आलोचक इस पर आपत्ति नहीं करता ? क्या स्वनिर्मित ध्रुपद-धमार का गान ऐसे मेलों में स्वीकार किया जाता है ? किस घराने या परम्परा में सुरबहार पर तालबद्ध रचनाएँ बजायी जाती रहीं ?

विचित्रवीणा आधुनिक वाद्य है, उसमें ख्याल अंग से ही तबला के संगत से वादन की परम्परा रही है। उसे भी ध्रुपद मेला में स्वीकार किया गया उसकी गम्भीर ध्वनि, गूँज और भारी भरकम आकार को देखकर। स्व० डॉ० लालमणि मिश्र के अतिरिक्त कोई इसमें पारम्परिक बन्दिशें भी नहीं बजाते। किन्तु पखावज के संगत पर 'स्वनिर्मित' रचनाओं का वादन ध्रुपद-प्रेमियों को मान्य है, क्यों ?

सितार के परवर्त्ती वाद्य सरोद को भी ध्रुपद मेला में मान्यता मिली है। १८३८ में कैप्पन विलर्ड द्वारा लिखी गई पुस्तक म्यूजिक ऑफ हिन्दुस्तान में सितार का विस्तृत उल्लेख है, किन्तु न उन्होंने, न हकीम मोहम्मद करम इमाम (१८५६) ने सरोद का उल्लेख अपने पुस्तकों में किया है। उ० अमीर खाँ, मसीत सेन, रजा खाँ द्वारा 'गतों' का निर्माण सितार पर ही किया गया, जिसका अनुसरण मुख्य रूप से सरोद तथा अन्य वाद्यों ने किया।

आज यह पुर्नविचार करना आवश्यक हो गया है कि ध्रुपद मेला के उद्‌देश्य की पूर्त्ति उचित ढंग से हो रही है अथवा नहीं। ध्रुपद मेले में ध्रुपदांग गान पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। यह भी देखा गया है कि ध्रुपद की बन्दिशे ख्याल शैली में प्रस्तुत की जाती है। इन सभी बातों पर अब ध्यान दिया जाना चाहिए।

अतः ध्रुपद मेला का उद्‌देश्य ध्रुपदांग वादन या गान का प्रचार व प्रसार होना चाहिए। इसके लिए वाद्य विशेष नहीं, बजाये जाने वाली शैलियों पर, 'चीजों'

पर ध्यान दिया जाय तथा दिशा-निर्देश इसी आधार पर तैयार किया जाय। यह खुशी की बात है कि पाश्चात्य वाद्य 'शेलो' को ध्रुपद मेले में स्थान मिला, क्योंकि वादिका को ध्रुपद अंग से बजाने की शिक्षा मिली थी। इसी तरह यदि बांसुरी या अन्य भारतीय वाद्य भी ध्रुपद अंग से वादन प्रस्तुत करने में समर्थ हो, तो उन्हें अवश्य उत्साह दिया जाना चाहिए। सेनिया घराने से शिक्षित अनेक वादक आज भी जीवित हैं, जो ध्रुपद अंग से सितार-सरोद आदि का वादन प्रस्तुत करने में समर्थ हैं, उन्हें अवश्य ऐसे मेले में प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।

साथ ही परम्परावादी गायक-वादक, विद्वान शिक्षकों की कमिटि बनाई जाय जो इन मेले में भाग लेने वाले गायक-वादकों की प्रस्तुतीकरण-शैली व स्तर का निष्पक्ष मूल्यांकन करें तथा ध्रुपद शैली के गान-वादन के प्रचार व प्रसार में युवा वर्ग को प्रोत्साहित करें। इसके लिए सही दिशा-निर्देश की अभी भी आवश्यकता है।

———

THE IMPACT OF DHRUPAD AṄGA ON THE FORM AND STYLE OF SITAR PLAYING AND SOME CONTEMPORARY NOTIONS : AN ANALYSIS

INDRANI CHAKRAVARTY

(Editor's Summary)

It is generally held today that *sitār* is played on the model of *thumri* and *khyāl* and hence *sitār* is given stepmotherly treatment in all undertakings related to the revitalising of *dhrupad.*

The *ustāds* of the eighteenth century recognised the potentials of the tone-quality of *sitār*, gave it a form bigger in size, viz. *surbahār* and started teaching the *ālāp* of *bīn aṅga* on it to the students outside their own 'house' (kith and kin). At the same time, Adāraṅg and Sadāraṅg began teaching *khyāl* to the same category of students. This was responsible for two developments—

1. (a) Loss in the popularity of the singing of *dhrupad-dhamār.*

   (b) The emergence of regional forms like *ṭappā* and *khyāl* as forms of art music.

2. (a) Decadence in the teaching of *bīn.*

   (b) Teaching of the *ālāp* of *bīn aṅga* on *surbahār.*

   (c) Adoption of the rendering of *bīn aṅga* on *sitār* and development of the *gat* form.

   (d) Following of the style of playing on the *sitār* on instruments like *sarod* and violin.

   (e) Some misunderstandings about the playing of *dhrupad aṅga* on *sitār.*

The main reason for the decadence of *dhrupad* singing was the political upheavals in the 18th century and extension of patronage by the nobility to lighter forms; *thumri* had found a place in the country. That is why many *dhrupad* singers were also good performers of *thumri.* Late Pt. Ram Chatur Mallik was a striking example of this phenomenon. *Khyāl* has not been adopted by *dhrupad* singers; the same is the case with *kathak* dance which has been connected with *dhrupad* and *thumri.*

The teaching of *khyāl* by the *ustāds* to 'outsiders' and the restriction of training in *dhrupad* to 'insiders' resulted in the development of the excellence of *khyāl* by the 'outsiders' through their hard work and

creativity. Many styles of *khyāl* associated with centres like Gwalior, Agra, Jaipur etc. known as *gharānās* came into existence. In course of time, *khyāl* became synonymous to 'classical' music. Institutionalised music education also started in the 19th century with *khyāl* as its thrust and was carried forward in the 20th century by Pt. V. D. Paluskar and Pt. V. N. Bhatkhande taking *sitār* also under its fold.

The tendency to 'conceal' the 'secrets' of learning preserved in a 'house' was active also in the case of instrument playing, just like that in the field of singing. The change in vocal forms and styles has had its corollaries also in instruments. The long history of stringed instruments has been traced by the author in three stages—

1. Open-stringed instruments like the *vāṇa* (*śatatantrī*) of the Vedic period and *vīṇās* like *mattakokila* and *vipañcī*.

2. Press-stringed *vīṇās* without frets like *citrā*, *ghoṣa* (*ekatantrī*), *nakulī* etc.

3. Fretted *vīṇās* beginning with *kinnarī*, *ālāpinī*, *tritantrī* (popular name *yantra* or *jantar*), *rudra-vīṇā* etc. These *vīṇās* had the capacity of reproducing all the nuances of vocal rendering and independent *tantrakārī* also developed in them.

When Raja Man Singh Tomar gave final touches to the *dhrupad* form in the 15th century, *rudra-vīṇā* was perfected for matching it. It was given more importance by the *dhrupad* singers than any other fretted *vīṇā*.

When the centres of patronage were adversely affected by the moves of the East India Company, economic, political aad cultural upheavals once again rocked the country. The tendency to 'conceal secrets' became stronger and *bīn* became restricted only to 'insiders'. *Surbahār* was constructed for giving training in the *ālāp* of *bīn aṅga*; its thick strings and wide fingerboard offered facility for pulling *mīnds* upto seven *svaras*. *Sitār* was used for compositions with *tāl* and *surbahār* was restricted to *ālāp*. Khusro Khan of the Senia *gharānā* is how held to have converted the popular *sehtār* to *sitār* by making it suitable for rendering the *dhrupad aṅga*. The *gat* form was invented because *sitār* was not adequate for the rendering of '*tāl*-bound' compositions of the *dhrupad* form.

The form of *masitkhani gat* was evolved when *dhrupad* was being replaced by *khyāl*.

The *sitār* had 16 frets initially, one fret was added later and 19 frets came in use in the beginning of the 20th century. A simultaneous change in the size as well as in the system of tuning of the strings and the addition of sympathetic strings (*tarap*) made *sitār* adequate both for the rendering of *ālāp* and composition and hence *surbahār* became redundant,

Sitār has inherited the traits of the *gauḍaharī*, *khaṇḍār* and *nauhār bānī* in the form and content of its rendering.

The triad of creation, sustenance and destruction (*sṛṣti*, *sthiti* and *laya*) is treated as fundamental in Indian thought. In music, sound is visualised in these three stages. The continuity of sound attainable on wind instruments and bowed string instruments is impossible on plucked string instruments. Devices like a slightly slanting flat bridge and sympathetic strings were taken recourse to for obtaining continuity of sound. The manipulation of *laya* or destruction has been left to the will of the performer.

